


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 75 | मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 | बैशाख शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर



### आभूषणों से मोह भंग, गोल्ड ईटीएफ और सिक्कों पर भरोसा कर रहे भारतीय

**मुंबई।** अब अधिक संख्या में भारतीय आभूषणों की तुलना निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज की इस रिपोर्ट के अनुसार कुल सोना की खरीद में आभूषणों की खपत का हिस्सा 2025 में गिरकर 60 प्रतिशत से नीचे आ गया, जबकि लंबी अवधि का औसत 70 प्रतिशत रहा है। केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ताओं में एक भारत के सोना खरीदने के प्रतिरूप में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। गोयल ने कहा, ' 'भू-राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की प्राथमिकताएं सोने की निवेश मांग को बढ़ावा देती रहेंगी। वित्त वर्ष 2026-27 में कुल स्वर्ण खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।' ' रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत आभूषणों की खपत अभी भी 50 प्रतिशत के वैश्विक औसत से अधिक है। भारत में निवेश की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जिसका नेतृत्व गोल्ड ईटीएफ और बार तथा सिक्कों की खरीद ने किया है। यह अन्य बातों के साथ ही सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाता है। एजेंसी का मानना है कि सोने की कीमत अब एक स्थायी उच्च-मूल्य वाले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। इसे मांग में संरचनात्मक बदलाव, केंद्रीय बैंकों द्वारा निरंतर खरीद और वैश्विक व्यापक आर्थिक तथा भू-राजनीतिक अनिश्चितता से समर्थन मिल रहा है।

## लोटस अब बन गया है 'लूट अस' : AAP के सात सांसदों के भाजपा में विलय पर कांग्रेस का तंज



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों का भाजपा में विलय स्वीकार कर लिया है। इससे पार्टी के अब सिर्फ तीन सांसद बचे हैं, जबकि भाजपा का आंकड़ा 113 हो गया है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि लोटस अब लूट अस बन गया है।

देश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा दल-बदल देखने को मिला है। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आधिकारिक तौर पर विलय स्वीकार कर लिया। इस बड़े सियासी उलटफेर के बाद उच्च सदन के समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं। वहीं, इस फैसले के तुरंत बाद प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार जुबानी हमला बोला है और इस घटनाक्रम को 'ऑपरेशन लोटस' का हिस्सा बताया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि राज्यसभा के सभापति का यह फैसला बिल्कुल भी चौंकाने वाला नहीं है। रमेश ने आगे कहा कि 'लोटस (कमल) अब लूटअस बन गया है।' उन्होंने दल-बदल की इस घटना को एक 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'बचाव की कार्रवाई' करार दिया।

## बैरकपुर रैली में गरजे मोदी, अंग-बंग-कलिंग देश की समृद्धि का आधार



**बैरकपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बैरकपुर में 'विजय संकल्प रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत समृद्ध था, तब अंग, बंग और कलिंग क्षेत्र देश की शक्ति और समृद्धि के मुख्य आधार थे। आज भी इन क्षेत्रों को मजबूत बनाने से ही देश विकसित भारत बन सकता है।पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता के साथ उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। यहां के लोग उन्हें परिवार की तरह अपनाते हैं।

उन्होंने घोषणा की, "4 मई को चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा की शपथ ग्रहण समारोह में मैं फिर बंगाल आऊंगा।" प्रधानमंत्री ने बैरकपुर की ऐतिहासिक भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि यह जगह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण केंद्र रही है और आज भी परिवर्तन की नई ऊर्जा का स्रोत बनी हुई है।उन्होंने बताया कि राजनीति में आने के बाद उन्होंने कभी समय या मौसम नहीं देखा, सिर्फ जनता की सेवा को प्राथमिकता दी।रैली में पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने अपने पुराने नारे "मां-माटी-मानुष" को भुला दिया है। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के राज में "सिंडिकेट की फैक्टरियां" चल रही हैं और यह "महा जंगलराज" है। मोदी ने जोर देकर कहा कि इस बार का पश्चिम बंगाल चुनाव सिर्फ बंगाल का नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के भविष्य को तय करेगा। उन्होंने कहा, "टीएमसी के पास बंगाल के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। हमें टीएमसी को हराना ही होगा और यहां जनता जनार्दन का राज स्थापित करना होगा।" अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि बंगाल की सेवा करना, उसे चुनौतियों से बचाना और उसे मजबूत बनाना उनका कर्तव्य है। वे इस जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

## अफगानिस्तान के कुनार में पाकिस्तान ने फिर की गोलाबारी, 4 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव कम नहीं हो रहा है। अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में पाकिस्तान की ओर से फिर से गोलाबारी की गई है। इस गोलाबारी में कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है वहीं 45 लोग घायल हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने कुनार के असदाबाद शहर में मिसाइल हमले किए। यहां पाकिस्तानी सेना पहले भी हमले करती रही है। पिछले हफ्ते भी पाकिस्तान ने यहां हमले किए थे।

सूत्रों के अनुसार, इन हमलों में कुनार यूनिवर्सिटी के हॉस्टल को भी निशाना बनाया गया। कहा जा रहा है कि मारे गए लोगों में ज्यादातर आम नागरिक हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, लेकिन हताहतों की सही संख्या के बारे में अभी तक कोई पुख्ता की जानकारी नहीं मिली है।

पिछले हफ्ते भी पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के सरकानो जिले में हमले किए थे। इन हमलों में कई घरों को नुकसान पहुंचा. अफगानिस्तान के खामा प्रेस के अनुसार, निवासियों ने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना ने असदाबाद के इलाकों को भी निशाना बनाया और वीडियो फुटेज में कम से कम एक आवासीय घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिया। पिछले दो महीनों में तालिबान और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। विवादित सीमावर्ती क्षेत्रों में बार-बार गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं। पूर्वी अफगानिस्तान में सीमा पार से होने वाली झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। हाल के हफ्तों में सीमावर्ती जिलों को निशाना बनाकर तोपखाने से गोलाबारी और हवाई हमलों की कई रिपोर्टों ने कुनार को संघर्ष का एक प्रमुख केंद्र बना दिया है, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण परिवारों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## भारत-न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते पर किए हस्ताक्षर, कई सामानों पर ड्यूटी घटकर हुई जीरो




**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन एसोचैम ने सोमवार को भारत-न्यूजीलैंड व्यापार परिषद (आईएनजेडबीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत उद्योगों से जुड़े कदमों को व्यवस्थित रूप से लागू करना और दोनों देशों के व्यवसायों को इस समझौते से मिलने वाले अवसरों का पूरा लाभ दिलाना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत और न्यूजीलैंड के बीच साझेदारी की पूरी क्षमता को हासिल करने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना बहुत महत्वपूर्ण होगा। उद्योग संगठन ने कहा कि व्यापार और उद्योग संस्थाओं के बीच बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच व्यापार को आसान बनाएगा और प्रक्रियाओं में आने वाली बाधाओं को कम करेगा। साथ ही, बेहतर हवाई संपर्क और पर्यटन सहयोग आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करेगा।

22 दिसंबर 2025 को सिर्फ नौ महीनों में पूरा हुआ यह एफटीए और सोमवार को हस्ताक्षरित समझौता, दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार लगभग 1.3 अरब डॉलर और सेवाओं का व्यापार 634 मिलियन डॉलर है, जिसे अगले पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। न्यूजीलैंड में लगभग 3 लाख भारतीयों का समुदाय इस साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

बयान में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर व्यापार में अनिश्चितता और सप्लाई चेन में बदलाव के बीच यह समझौता इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की रणनीतिक विविधता और मजबूत, समावेशी तथा भविष्य के लिए तैयार आर्थिक साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। न्यूजीलैंड के साथ एफटीए से व्यापार और निवेश की नई संभावनाएं खुल रही हैं। इसके तहत भारत के निर्यात को न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जो भारत के एफटीए इतिहास में एक नया अध्याय है।

## आप का वर्क वातावरण हो गया था जहरीला : राघव चड्ढा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अपने समर्थकों को, उनके उस सवाल जवाब दिया है-जिसमें वो पार्टी छोड़ने का कारण पूछ रहे हैं। राघव ने कहा कि, "आप जिस संस्थान-कंपनी में सर्विस कर रहे हैं, वहां आपको काम न करने दिया जा रहा हो, वातावरण जहरीला हो जाए तो आप क्या करेंगे? मेरे ख्याल से उस जगह को छोड़ देना चाहिए। मैंने भी वही किया, क्योंकि मुझे लगातार काम करने से रोका जा रहा था।"

राघव ने समर्थकों को जारी वीडियो संदेश में कहा कि, मैं राजनीति में करियर बनाने नहीं आया था। मैं चार्टर्ड एकाउंटें था और अपना सुनहरा करियर छोड़कर आप ज्वॉइन की। अपनी जवानी के 15 साल पार्टी को दिए। लेकिन अब जब मैंने महसूस किया कि ये वो पार्टी नहीं है, जिसके लिए मैंने अपना करियर छोड़ा। पार्टी पर चंद भ्रष्ट लोगों का कब्जा है।

उन्होंने कहा कि मैंने अकेले पार्टी नहीं छोड़ी है, बल्कि मेरे साथ छह और सांसदों ने इस्तीफा दिया है। उन्होंने अपने फैसले पर सफाई देते हुए कि एक आदमी ने ये निर्णय लिया होता तो शायद वो गलत हो सकता था। लेकिन यहां एक साथ सात लोगों ने पार्टी छोड़ी है। सब तो गलत नहीं हो सकते हैं, या फिर इससे पहले भी बहुत लोगों ने आम आदमी पार्टी छोड़ी है। क्या वो सब गलत थे, नहीं! पार्टी पथभ्रष्ट हो गई है। जनता के मुद्दों को लेकर राघव ने कहा कि आप लोग लगातार ये प्रश्न पूछ रहे कि, क्या आगे भी मैं आम इंसान के मुद्दे वैसे ही उठाता रहूंगा। निश्चिंत रहिए मैं हमेशा आम इंसान के मुद्दों पर उतनी ही मुखरता से सदन में बोलता रहूंगा और शायद अब हम उनके समाधान के बारे में भी फैसला कर पाएंगे।

## सगाई समारोह में गया था परिवार, भाई ने कर दी बहन की हत्या



**मुरादाबाद।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम फरहेदी में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां एक युवक पर अपनी ही नाबालिग बहन की हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और सनसनी का माहौल है।

बताया जा रहा है कि गांव निवासी हरिप्रसाद का परिवार एक रिश्तेदार के यहां मुरादाबाद में आयोजित सगाई समारोह में शामिल होने गया था। घर पर उनका बेटा बिक्की और 17 वर्षीय बेटी मीनाक्षी ही मौजूद थे। देर रात करीब 12 बजे जब परिजन लौटे, तो मीनाक्षी को घर में मृत अवस्था में पाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बेटे बिक्की ने ही धारदार हथियार से गला रेतकर अपनी बहन की हत्या की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गाजीपुर कांड : अखिलेश यादव का ऐलान- सपा देगी 5 लाख मुआवजा, परिवार से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मृत पाई गई नाबालिग लड़की के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पार्टी का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलकर सहायता राशि का चेक सौंपेगा।

सोमवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सपा अध्यक्ष ने कहा कि उनका 29 अप्रैल का गाजीपुर दौरा प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के बाद तय होगा। यह प्रतिनिधिमंडल रामासरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में जाएगा। गाजीपुर में नाबालिग की संदिग्ध मौत पर उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की ठीक से जांच नहीं की गई। "परिवार को कुछ संदेह था, क्या उसकी जांच हुई? जहां शव मिला, वहां दो फीट पानी भी नहीं था।" उन्होंने कहा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट छिपाए जाने पर भी सवाल उठाया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं और महिलाओं की सुरक्षा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने विपक्षी कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाने का भी आरोप लगाया।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संसद में बिल पास हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार इसे लागू करने में देरी कर रही है और जनता को भ्रमित कर रही है। 30 अप्रैल को महिला आरक्षण पर प्रस्तावित विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में सपा विधायकों की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि इसका निर्णय पार्टी का विधायक दल करेगा।

## 'ममता कभी मुद्दों पर बात नहीं करतीं, बंपर मतदान अमित शाह की उपलब्धि'



**दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कोलकाता में जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में प्रचार के आखिरी दिन उन्होंने ममता बनर्जी पर खुलकर निशाना साधा और कहा कि वह कभी भी मुद्दों पर बात नहीं करती हैं।

उन्होंने कहा कि जब-जब हम पश्चिम बंगाल के विकास के मुद्दों पर चर्चा लाने का प्रयास करते हैं तो ममता सिर्फ मां- मछली की बात करती हैं, झालमड़ी की बात करती हैं। मुख्य मुद्दों पर कभी वह परिचर्चा या कोई डिबेट नहीं करतीं। एक मुख्यमंत्री जिसका लंबा कार्यकाल रहा हो। निश्चित रूप से उनकी कोई ना कोई तो उपलब्धियां होंगी, लेकिन आपने मुख्यमंत्री को अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते शायद नहीं देखा होगा।

स्मृति ने कहा कि समाज किसी भी सरकार से अपेक्षा रखता है कि समाज में जो सबसे ज्यादा कमजोर हैं, गरीब हैं, उनके संरक्षण के लिए सरकार अपने तंत्र का इस्तेमाल करेगी। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति तो आप खुद रिपोर्ट करते हैं। तो यह भी ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर ममता कहीं भी अपना वक्तव्य रखती हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 से लेकर 2026 तक केंद्र की सरकार से टैक्स डेवोल्यूशन, ग्रांट्स इन एड, 50 साल का इंटरेस्ट फ्री लोन के जरिए बंगाल को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। इस पैसे का हिसाब जब-जब मांगा जाता है तो ममता कभी डिबेट नहीं करतीं।

**चुनाव** | भारतीय जनता पार्टी और टीएमसी ने झौंक दी पूरी ताकत

## पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा, 29 को दूसरे चरण के लिए होगी वेटिंग



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के लिए प्रचार थम गया है। राज्य में पहले चरण में बंपर वोटिंग हो चुकी है। अब दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होना है। इस चुनाव में बीजेपी और टीएमसी ने पूरी ताकत झौंक दी। पीएम मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक ने बीजेपी के चुनाव प्रचार का मोर्चा संभाला और ताबड़तोड़ रैलियां कीं। वहीं टीएमसी की ओर से सीएम ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कई रैलियों को संबोधित किया। इस बीच राज्य से चुनावी हिंसा की घटनाएं भी लगातार आ रही है।

ताजा मामला उत्तर 24 परगना से सामने आया है। जहां भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस (TMC) कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। यह झड़प पुलिस और CISF जवानों की मौजूदगी में हुई. बीजेपी नेता का दावा है कि इस झड़प में बमबारी और गोलीबारी भी हुई। जिसमें CISF के जवान को भी गोली लगी है। उत्तर 24 परगना के जगद्दल पुलिस स्टेशन के बाहर तृणमूल और BJP कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। बीजेपी ने TMC के 'गुंडों' पर BJP उम्मीदवारों पर हमला करने का आरोप. बताया गया कि जगद्दल विधानसभा क्षेत्र से BJP उम्मीदवार डॉ. राजेश कुमार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया विवादित टिप्पणी के खिलाफ FIR दर्ज कराने के लिए जगद्दल पुलिस स्टेशन गए थे।

भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह और उनके बेटे, जो खुद भी एक उम्मीदवार हैं, उनके साथ थे। पुलिस स्टेशन के सामने TMC और BJP समर्थकों (अर्जुन सिंह सहित) के बीच आपस में झड़प हो गई। आरोप है कि इस दौरान बम फेंके गए और गोलीबारी भी हुई. CISF के एक जवान पवन सिंह को गोली लगी है। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया है।

भाटपारा से भाजपा उम्मीदवार पवन कुमार सिंह ने कहा, "यह मामला कल शुरू हुआ। हम एक बैठक कर रहे थे, तभी टीएमसी के कुछ लोग आए। वार्ड 17 के काउंसलर मनोज पांडे अपने आदमियों के साथ आए और हंगामा करने लगे। उसके बाद, हम IC (इंस्पेक्टर-इन-चार्ज) के पास गए और शिकायत की।

उन्होंने आगे कहा कि लेकिन आज, जब हम पीएम मोदी के स्वागत के लिए उनकी फोटो लगा रहे थे, तो उन्होंने हमें परेशान करना शुरू कर दिया, और फिर उन्होंने पुलिस स्टेशन पर बहस करने लगे... मामला सुलझाने और घर जाने के बाद, हमने देखा कि पहले पत्थर फेंके गए. फिर बम भी फेंके... उसके बाद फायरिंग होने लगी।

## नदिया में टीएमसी पर बरसे मुख्यमंत्री योगी



**नदिया।** पश्चिम बंगाल के कल्याणी विधानसभा क्षेत्र की सड़कें सोमवार को 'वंदे मातरम, भारत मां, जयश्रीराम, हिंदू सम्राट, बुलडोजर बाबा' के जयकारों से गूंज उठीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां भाजपा उम्मीदवार अनुपम विश्वास के लिए चुनावी रथ पर रोड-शो करने निकले तो जैसे जनसमुद्र उमड़ पड़ा। बंगाल में 'बुलडोजर बाबा' के नाम से पुकारे जा रहे सीएम योगी ने भी सड़कों पर उमड़े लोगों पर बीच-बीच में पुष्पवर्षा की।

सीएम योगी के साथ भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या भी उपस्थित रहे। सीएम योगी के रथ के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण व संकटमोचन हनुमान के वेष में कलाकार चल रहे थे।आध्यात्मिक धरा पर इस वेशभूषा में कलाकारों को देख हर कोई उनके प्रति श्रद्धा निवेदित करता रहा। सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जयश्रीराम का उद्घोष करते दिखे।

सीएम योगी ने भी आश्वस्त किया कि 4 मई के बाद बंगाल में माफियाराज समाप्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने बंगाल के मतदाताओं से संवाद स्थापित करते हुए रोड शो में उमड़ी भीड़ का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि बंगाल टेरर, माफियाराज और कटमनी की सरकार से मुक्ति पाएगा। 23

एक नजर

## शहतूत तोड़ने पर तीन मासूमों को दुकान में बंद कर बेल्टों से पीटा

बरेली। जिले के हाफिजगंज थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। हरहरपुर मटकली गांव में शहतूत तोड़ने के आरोप में तीन बच्चों को दुकान के अंदर बंद कर बेल्ट और बिजली के केबल से बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। गांव के साहिल, अयान और जानेआलम नाम के तीन बच्चे आरोपी के यहां शहतूत तोड़ने गए थे। आरोप है कि इसी बात पर आरोपी भड़क गया और तीनों बच्चों को पकड़कर दुकान के अंदर बंद कर लिया। इसके बाद बेल्ट और बिजली के तार से उनकी जमकर पिटाई की गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें छुड़ाया। घटना के बाद जब घायल बच्चों के परिजन शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी धमकाया। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला शांत कराया। घायल बच्चों को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए नवाबगंज भेजा गया है। मामला यहीं नहीं रुका। दूसरे पक्ष से रामभरोसेलाल की पत्नी ने भी पुलिस में तहरीर देकर बच्चों पर चोरी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बच्चों को डांटने पर 15-20 लोग उनके घर में घुस आए और जान से मारने की धमकी दी। इस आरोप के बाद मामला और पेचीदा हो गया है। थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने बताया कि बच्चों का मेडिकल कराया जा रहा है और आरोपी को एसडीएम कोर्ट में पेश कर दिया गया है। दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर जांच की जा रही है।

# शॉर्ट सर्किट से कम्पीटेन्ट प्राइड अपार्टमेंट में भड़की आग, 4 गाड़ियां जलकर खाक

### ग्राउंड फ्लोर पर मची अफरा-तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। प्रेमनगर इलाके में सोमवार सुबह ऐसा मंजर देखने को मिला, जिसने लोगों की नींद ही नहीं, होश भी उड़ा दिए। पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित कम्पीटेन्ट प्राइड अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर अचानक आग भड़क उठी। सुबह करीब 5:05 बजे लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते पूरा परिसर धुएं और आग की लपटों से घिर गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर लगे विद्युत पैनल से हुई। पहले हल्की चिंगारी निकली और फिर अचानक आग ने पास में खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही पलों में कारें और बाइक आग का गोला बन गईं। हालात ऐसे हो गए कि लोग अपनी गाड़ियों को बचाने के लिए पास भी नहीं जा सके। इस भीषण अग्निकांड में यूपी 25 ईएन 4455 नंबर की क्रेटा कार, यूपी 32 एनपी 6584 नंबर की स्कोडा कार, यूपी 25 सीपी 4696 नंबर की होंडा शाइन बाइक और एक एक्टिवा स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गईं। आग की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ ही देर में महंगी कारें कबाड़ में तब्दील हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।



साल्ट सर्किट से लगी आग और अग्निकांड की चपेट में जलकर राख हुआ सामान।

### दमकल की दौड़, कड़ी मशक्कत के बाद काबू में आई आग

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायरकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए पंपिंग शुरू की और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उनकी मुस्तैदी से अन्य खड़ी गाड़ियों और पूरे अपार्टमेंट को बड़ी तबाही से बचा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर यूनिटों को तुरंत मौके पर रवाना किया गया। टीम ने पहुंचते ही तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका और पंपिंग के जरिए पूरी तरह बुझा दिया। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। साथ ही लोगों से अपील की कि ऐसे स्थानों पर नियमित रूप से विद्युत उपकरणों की जांच कराते रहें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## डीपीएस में बवाल: खाने और उत्पीड़न पर छात्रों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। सीबीगंज स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के हॉस्टल में रविवार रात अचानक हालात बिगड़ गए। उत्पीड़न और घटिया भोजन के आरोप लगाते हुए छात्रों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक परिसर में हंगामा चलता रहा, जिससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक, हॉस्टल में रह रहे करीब 40 छात्रों ने एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी। छात्रों का आरोप है कि उन्हें लगातार खराब गुणवत्ता का खाना दिया जा रहा है और शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती। यही नहीं, कुछ छात्रों ने उत्पीड़न के भी गंभीर आरोप लगाए। छात्रों ने बताया कि कई बार भोजन की गुणवत्ता और अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत की गई, लेकिन हर बार अनदेखी हुई। आरोप है कि हॉस्टल के जिम्मेदार लोग न तो छात्रों की समस्या सुनते हैं और न ही सुधार के कोई प्रयास करते हैं।

### मोबाइल जब्ती बनी चिंगारी, भड़क उठा विरोध

सूत्रों के अनुसार, पढ़ाई में व्यवधान न पड़े, इस कारण कुछ छात्रों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए थे। इसी मुद्दे ने आग में घी का काम किया और पहले से नाराज छात्र रात में भड़क उठे। देखते ही देखते मामला हंगामे में बदल गया।

### सोमवार को वार्ता का आश्वासन, प्रबंधन ने आरोपों से किया इनकार

पुलिस ने छात्रों को सोमवार सुबह स्कूल प्रबंधन से वार्ता कराने का आश्वासन दिया है। वहीं, स्कूल की वाइस प्रिंसिपल रितु ने उत्पीड़न और खराब भोजन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि छात्रों को अनुशासन में रखने के लिए कुछ कदम उठाए गए थे, जिससे वे नाराज हो गए।

### एफआईआर में गड़बड़ी और जांच में ढिलाई पर एसएसपी का बड़ा एक्शन, दो दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

बरेली। दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले में लापरवाही बरतने पर अनुराग आर्य ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी ने दो दरोगा और एक मुख्य आरक्षी को निलंबित कर दिया है। इन पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने पीड़िता की शिकायत में सही धाराएं नहीं लगाईं और विवेचना के दौरान मनमानी की। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक रत्नेश कुमार, उपनिरीक्षक सचिन चौधरी और मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार शामिल हैं। जांच में सामने आया कि मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार, जो उस समय एफआईआर लेखक थे, उन्होंने दुष्कर्म से जुड़े गंभीर आरोप होने के बावजूद उचित धाराएं नहीं लगाईं। वहीं विवेचक रहे दरोगा रत्नेश कुमार और सचिन चौधरी ने भी मामले की जांच में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की और आवश्यक धाराओं को शामिल करने में लापरवाही बरती।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर से युवक की मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

भुता (बरेली)। थाना भुता क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले में बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल 2026 को प्रार्थी पोथीराम का पुत्र राहुल अपने बहनोई मदन लाल निवासी ग्राम रिछौला घासी (थाना बीसलपुर, पीलीभीत) के साथ मोटरसाइकिल से दातागंज से अपने घर लौट रहा था। शाम करीब 7:45 बजे भुता पेट्रोल पंप व माया अस्पताल के पास उनकी बाइक अचानक खराब हो गई, जिसे वे सड़क किनारे खड़ी कर ठीक कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बस संख्या UP-40-BT-6924 के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बिना हॉर्न दिए मदन लाल को टक्कर मार दी। हादसे में मदन लाल को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल बरेली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में रमेश चंद्र निवासी मेवापट्टी (फरीदपुर) व पूरनलाल निवासी उम्मेदपुर सहित कई लोग शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार व अन्य सामाजिक कार्यों के चलते रिपोर्ट दर्ज कराने में विलंब हुआ। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच में घटना प्रथम दृष्टया सत्य पाई गई है। बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रजावली, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रजावली, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है । जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी । स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है । आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी । सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा । आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो । सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सफ्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत रजावली
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत रजावली
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत न्यौरा, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत न्यौरा, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है । जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी । स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है । आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी । सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा । आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो । सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सफ्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत न्यौरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत न्यौरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत ब्यौरा, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ब्यौरा, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है । जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी । स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है । आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी । सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा । आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो । सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सफ्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत ब्यौरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत ब्यौरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### ग्रामीण के साथ हुई साइबर ठगी, दिया प्रार्थना पत्र

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के करेथी गांव निवासी सुमित शंखधार ने शाहबाद थाने पर प्रार्थना पत्र देकर उसके साथ साइबर ठगी होने की शिकायत की है। सुमित के अनुसार बीती 26 अप्रैल की शाम उसके मोबाइल से गूगल पे के माध्यम से ठगी हो गई है। ग्रामीण की तहरीर के अनुसार उसके गूगल पे से 17700 रुपए ठग लिए गए। उक्त प्रकरण में सुमित ने साइबर पुलिस के माध्यम से मदद से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### रामपुर धम्मन गांव में किसान के घर से 70 हजार की चोरी

**दढ़ियाल।** चौकी क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन में बीती रात चोरों ने एक किसान के घर से नकदी, सोने-चांदी के जेवर और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार को सुबह घटना का पता चला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर करवाई की मांग की है।चौकी क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन में मुस्तजर पुत्र कासम का परिवार रहता है, रविवार की रात को मुस्तजर अपने परिवार के साथ सो रहा था। लगभग 3 बजे चोरो ने मुस्तजर के घर को निशाना बनाया। कमरे में रखे 2 तोले सोने का लॉकेट, 10 तोले चांदी की पायल, 20,000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चुरा लिया गया। सुबह में जब परिवार सो कर उठा तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हल्का इंचार्ज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि चोरी के बाद गांव में दहशत का माहौल है, चौकी प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 24 लाख की सरकारी मदद से गूंजी 4 मूक बधिर बच्चों की किलकारी

- 0 से 5 वर्ष के मूक बधिर बच्चों के लिए वरदान बनी कॉक्लियर इम्प्लांट योजना
- प्रति बच्चा 6 लाख रुपये का खर्च उठा रही राज्य सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बच्चों को टॉफी देते डीएम। -जागरण मोर्चा



बच्चे के पिता को प्रमाण पत्र देते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बचपन से ही खामोशी के साये में जी रहे चार मासूम बच्चों की जिंदगी अब पूरी तरह बदल गई है। जन्म से ही सुनने,बोलने में असमर्थ इन बच्चों के लिए प्रदेश सरकार की कॉक्लियर इम्प्लांट योजना किसी संजीवनी से कम साबित नहीं हुई है। जनता दर्शन में परिजनों की फरियाद पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने तत्काल संज्ञान लिया।प्रशासन की मुस्तैदी से चारों बच्चों का विशेषज्ञ अस्पतालों में सफल ऑपरेशन कराया गया। इस पूरी प्रक्रिया में राज्य सरकार की ओर से प्रति बच्चा लगभग 6 लाख रुपये कुल 24 लाख रुपये खर्च किए गए। अब ये चारों बच्चे न सिर्फ सुन पा रहे हैं, बल्कि बोलने भी लगे हैं। बच्चों की इस नई जिंदगी से उनके परिवारों में जश्न का माहौल है।

**जनता दर्शन में छलका था माता-पिता का दर्द**

तहसील स्वार के ग्राम ननकार सेडू की अमायरा, रायपुर चुन्नावाला के उवैश खान, मोहल्ला खास की अजवानूर और तहसील शाहबाद के ग्राम नरेन्द्रपुर निवासी निशांत के माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे। वे अपनी इस गहरी पीड़ा को लेकर बीते दिनों जिलाधिकारी के पास जनता दर्शन में पहुंचे। डीएम ने परिजनों की व्यथा को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और उन्हें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।जिलाधिकारी की संवेदनशीलता के चलते मामले में तत्काल एक्शन लिया गया। उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल को निर्देशित किया कि इन पात्र बच्चों का चयन कर जल्द से जल्द इलाज सुनिश्चित कराया जाए। कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के तहत 0 से 5 वर्ष तक के मूकबधिर बच्चों के लिए 6 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज का प्रावधान है। प्रशासनिक निर्देशों के अनुपालन में चारों बच्चों को बिना समय गंवाए विशेषज्ञ अस्पतालों में भेजा गया, जहां प्रदेश सरकार के खर्च पर उनकी सफलतापूर्वक कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी पूरी की गई।

**डीएम ने बच्चों को दुलारा**

सर्जरी के बाद जब ये बच्चे अपनी नई आवाज और सुनने की क्षमता के साथ दोबारा जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे, तो वहां का नजारा बेहद भावुक और सुखद था। जो बच्चे कुछ समय पहले तक अपनी दुनिया में खामोश थे, उनकी नई प्रति क्रियाएं देखकर हर कोई खुश था। जिलाधिकारी ने इन नौनिहालों को बड़े स्नेह से पुचकारा और उनके बेहतर भविष्य की कामना की। यह पहल इस बात का सटीक उदाहरण है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सरकारी योजनाओं का सही तालमेल हो, तो समाज के जरूरतमंद तबके और दिव्यांग बच्चों को भी मुख्यधारा में लाकर उनके जीवन को रोशन किया जा सकता है।

# स्मार्ट मीटरों को उतारे विद्युत विभाग: आकाश

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को भेजा पत्र



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों पर लगे स्मार्ट मीटरों का स्थान अब फिर पुराने मीटर (मैन्युअल) लेंगे। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। यह पत्र तब भेजा गया है जब प्रदेश सरकार की ओर से घरों व प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगाने से रोक लगा दी है।

बिजली विभाग की ओर से प्रदेशभर में उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चलाया जा रहा था। इसमें तमाम शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं मीटरों में गड़बड़ी, तो कहीं रिचार्ज को लेकर दिक्कतें हो रही हैं। जिस कारण उपभोक्ताओं के घरों एवं प्रतिष्ठानों पर अंधेरा पसरा रहता है। जैसे यह मामला तूल पकड़ता देखा तो प्रदेश सरकार की ओर से सभी पुराने मीटरों को बदलने पर रोक लगा दी। साथ ही इस पूरे मामले की जांच के आदेश भी दे दिए।सिर्फ रामपुर की ही बात की जाए तो करीब तीन लाख बिजली उपभोक्ता हैं। जिसमें से करीब 91 हजार उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट मीटरों में बदले जा चुके हैं।

ऐसे में उपभोक्ताओं के समक्ष आ रही समस्याओं को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि अब जब प्रदेश सरकार की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है, तो जिन उपभोक्ताओं के पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं, उनके स्थान पर फिर से पुराने मीटर लगाए जाएं। शहर विधायक ने कहा है कि सरकार जनता के लिए होती है। स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रहीं थीं, जिस कारण उपभोक्ता लगातार शिकायत कर रहे थे। अब इस संबंध में बिजली विभाग को पत्र लिखकर समस्या दूर कराने व पुराने मीटर लगाने के लिए कहा गया है। क्योंकि, सरकार ने फिलहाल स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है।

### रंग लाई शहरवासियों की मेहनत, उतरेंगे स्मार्ट मीटर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में 39,100 स्मार्ट मीटर लगाए गए है जिनको उतारने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी बिजली अफसरों को पत्र लिखा है। पत्र लिखने के बाद शहर की जनता ने राहत की सांस ली है। इन स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी को दैनिक समाचार पत्र जागरण मोर्चा ने प्रमुखता से उठाया था। वहीं स्मार्ट मीटर से परेशान जनता को राहत पहुंचाने के लिए कांग्रेस, सपा, सभासदों, व्यापार मंडल ने भी इसको लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे थे। शहर विधायक ने स्मार्ट मीटर उतारे जाने को लेकर बयान जारी किया है। जिसके बाद उपभोक्ताओं में राहत, बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है।



**कहां कितने स्मार्ट मीटर लगे**

| | |
|---|---|
| बिलासपुर डिविजन | 15841 |
| मिलक डिविजन | 26807 |
| रामपुर डिविजन | 31900 |
| स्वार डिविजन | 16663 |

विधायक आकाश सक्सेना का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने स्मार्ट मीटरों के स्थान पर पुराने मीटर लगाने के लिए कहा है। हमने विधायक का सुझाव उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया है।
**-सतेंद्र चौहान, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल, रामपुर।**



स्मार्ट मीटर को तुरंत हटाया जाए। रामपुर गरीब शहर है यहां पर स्मार्ट मीटर की कोई जरूरत नहीं हैं क्योंकि इसमें रिचार्ज और एडंवास से जनता काफी परेशान है। **- रानी**



स्मार्ट मीटर हटाए जाना जनता के हित मे हैं। शहर विधायक का उठाया गया यह मुद्दा सही है, इसे जल्द ही लागू किया जाए जाना चाहिए, इससे राहत मिलेगी। **-मास्टर खालिद मियां।**



स्मार्ट मीटर से आ रही जनता की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से मीटर हटाए जाने की मांग की थी। कि पुराने मीटर नहीं उतारे जाए। **- प्रमिल कुमार उर्फ निक्कू पंडित**



शहर विधायक द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर लिखा गया पत्र सराहनीय है। जनता की मांग है कि बिजली विभाग तुरंत ही इन स्मार्ट मीटरों को उतारे। इससे जनता को राहत मिलेगी। **-बालम खां, पूर्व सभासद**

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने दुकानदार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**मसवासी।** क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में तेज गति से आ रही बाइक ने एक दुकानदार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गांव घोसी का मझरा फतेहगंज निवासी नवेद पुत्र शहजादे की मेन रोड पर दूध की डेरी है। रविवार रात करीब 9 बजे वह अपनी दुकान बंद करने के बाद सामने वाली दुकान से चार्जिंग पर लगा मोबाइल लेने जा रहा था। तभी बिजारखाता की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। नवेद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक व चालक को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि बाइक चालक भी हादसे में घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल नवेद को परिजन तुरंत काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : देवेंद्र कुमार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी संविधान संशोधन प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा गिराए जाने के विरोध में सोमवार को भाजपा की ओर से स्वार नगर मंडल में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर विरोध दर्ज कराया।

पदयात्रा मदर इंडिया कॉलेज से शुरू होकर धनौरी चौराहे तक पहुंची। जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान महिलाओं ने केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण नीतियों के समर्थन में नारे लगाए और विपक्ष के रवैये के खिलाफ आक्रोश जताया।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आई थी,लेकिन विपक्ष ने इसे गिराकर अपनी हठधर्मिता दिखाई। इसी के विरोध स्वरूप यह पदयात्रा निकाली। नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष का रवैया महिलाओं के साथ अन्याय है। भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री पंकज सैनी, हेमलता मौर्य, उषा रानी, कमला आर्य, रिशु वाला, पूनम मौर्या, नीतू रानी, पूनम सैनी, अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, राजीव वर्मा, सूरज वाल्मीकि, जानकी प्रसाद, दीपक चंद्र, ओम प्रकाश राणा, हरीश मौर्य, मदनलाल मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रही।

### दिव्यांगों ने डीएम से लगाई गुहार

**मसवासी।** सोमवार को समिति के बैनर तले नरपत नगर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एकत्र हुए। इसके बाद सभी लोग पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के अनेक दिव्यांगों को अभी तक अंत्योदय राशन कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। इसके अलावा पात्र दिव्यांगों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल सका है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि दिव्यांगजनों के लिए घोषित मुफ्त बिजली कनेक्शन योजना का लाभ भी स्थानीय स्तर पर नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में शमीम अहमद, इरफान अहमद, सरफराज, रिफाकत, शहनाज, शाहिद, राशिद और हाशिम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया व्यक्ति, मुकदमा दर्ज

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।तहरीर के अनुसार 21 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे प्रार्थी अपनी पत्नी और पुत्री के साथ घर में सो रहा था।नींद खुलने पर उसकी पुत्री घर में नहीं मिली और वह उसका मोबाइल फोन भी साथ ले गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि गांव में चोकर के व्यापार में साझेदारी करने वाला एक व्यक्ति उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

बताया गया कि आरोपी घटना से एक दिन पहले पिकअप गाड़ी लेकर बाहर जाने की बात कहकर निकला था और तब से वापस नहीं लौटा।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रविवार शाम संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला अस्पताल से उतारे गए एक्सपायर अग्निशमन यंत्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में अग्निशमन यंत्रों के एक्सपायर होने पर उतार दिए गए है साथ ही अस्पताल प्रशासन ने अग्निशमन यंत्रों की आपूर्ति करने वाली कंपनी को पत्र भेजा है।

मालूम हो कि जिला अस्पताल में जगह- जगह लगे अग्निशमन यंत्र की समयावधि पूरी हो चुकी है। लेकिन इसके बाद अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण लगे हुए थे। अगर ऐसे में कोई बड़ा हादसा हो जाए तो अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल होगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि अग्निशमन यंत्रों की आपूर्ति करने वाली कंपनी को पत्र भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले 2 से 4 दिनों के भीतर नए या ठीक किए गए अग्निशमन यंत्र अस्पताल में उपलब्ध हो जाएंगे। बताया कि अस्पताल में आग बुझाने के अन्य इंतजाम भी मौजूद हैं।अस्पताल जैसी आपातकालीन सेवाओं में अग्निशमन यंत्रों का सही और कार्यशील होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में ये उपकरण जान-माल की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं।

# ट्रैक्टर ट्राली में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, किसान की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मिलक।** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।गन्ने के बीज से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। होरीलाल पुत्र शिवचरण गंगवार निवासी ग्राम रठौडा, थाना मिलक बरेली से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ने का बीज लेकर आ रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर उनके साथ दो अन्य व्यक्ति भी सवार थे।

ग्राम धनेली पूर्वी के ओवर ब्रिज के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में होरीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रॉली में सवार टिंकू उर्फ़ भगवानदास और लीलाधर निवासी दोसास थाना मीरंगज गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और चार पुत्र और एक पुत्री है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर दो युवकों पर डेढ़ लाख रुपए हड़पने का आरोप

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के रवानी पट्टी हुदा गांव निवासी वीरेंद्र ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बंदार निवासी दो युवकों पर बेटियों की नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। वीरेंद्र के अनुसार बंदार निवासी सतीश और मुनेंद्र ने एक वर्ष पूर्व उसकी बेटियों की नौकरी लगवाने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपए लिए थे परंतु 1 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी ना तो नौकरी लगवाई और ना ही उसने पैसे वापस किए। आरोप है कि पैसे मांगने पर दोनों ने उसके व उसकी बेटियों के साथ बदसुलूकी की और पैसे देने से साफ इन्कार कर दिया।




**लोकार्पण** शहर विधायक बोले : स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल

# जिला अस्पताल में लगा 343 किलोवाट सोलर पावर प्लांट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय में ओएमसी पावर प्राइवेट लिमिटेड, गुडगांव द्वारा नवनिर्मित 343 किलोवाट ग्रिड से जुड़ा रूफटॉप सोलर फोटो वोल्टिक पावर प्लांट का लोकार्पण मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। शहर विधायक ने कहा कि यह न केवल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल भी है।

इस सोलर पावर प्लांट के शुरू होने से अस्पताल की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में बड़ी सहायता मिलेगी। साथ ही बिजली खर्च में कमी आएगी। पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कदम हरित ऊर्जा को अपनाने और सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि वो लगातार चिकित्सालय को आधुनिक बनाने में लगे हुए हैं। जिसमें मुख्य रूप से ऑनलाइन आभा ऐप के माध्यम से पर्चे बनाना हो, चाहे सोलर प्लांट का कार्य। उन्होंने बताया की बहुत जल्द ही चिकित्सालय में ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर सिस्टम भी लगने जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में 3 टीबी रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित की गई। इस अवसर पर सीडीओ, सीएमओ, बिजेंद्र सिंह, सौरभ, इसरार, अनुभव भारद्वाज आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश धोनी ने किया।



जिला अस्पताल में सौलर पैनल का उद्घाटन करते शहर विधायक।



विधायक को गुलदस्ता देकर स्वागत करते सीएमएस। -जागरण मोर्चा

# भारत ने 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी थीः अब्दुल्लाह अबू शावेश

## राजदूत ने गाजा में युद्ध का महिलाओं और लड़कियों पर पड़ने वाला प्रभाव को लेकर अपनी चिंता प्रकट की



सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्लाह अबू शावेश का स्वागत करते लोग।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** फिलिस्तीनी राजदूत अब्दुल्लाह अबूशावेश ने कहा है कि भारत और फिलिस्तीन के संबंध ऐतिहासिक रूप से बहुत मजबूत रहे हैं। भारत ने 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी थी। भारत यूएन में भी फिलिस्तीन का सपोर्टर रहा है। भारत ने 1996 में गाजा और फिर रामल्लाह में अपने प्रतिनिधि कार्यालय खोले। समय-समय पर भारत ने फिलिस्तीन की फाईनेंशियल और मेडिकल हेल्प की है। भारत सरकार वहां एक अस्पताल भी बना रही है। राजदूत ने कहा कि कला और सांस्कृतिक रूप से भारत के बहुत करीब है फिलिस्तीन की जनता। भारत की कई फिल्में फिलिस्तीन में बहुत लोकप्रिय रही हैं। अमिताभ बच्चन व ज़ीनत अमान समेत की कई किरदार पसंद किए जाते हैं। फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्लाह एमए अबूशावेश के पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के निमंत्रण पर रामपुर पहुंचने पर अपने देश की स्थिति को सामने रखा और अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग दोहराई।

राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र महिला द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट "गाजा में युद्ध का महिलाओं और लड़कियों पर पड़ने वाला प्रभाव को लेकर अपनी चिंता प्रकट की। कहा कि गाजा में चल रहे इजरायली युद्ध से फिलिस्तीनी महिलाओं और लड़कियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है,कि गाजा में महिलाओं को सबसे अधिक पीड़ा झेलनी पड़ी है। इसमें बताया गया है कि मारे गए लोगों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं, जबकि लगभग दस लाख महिलाओं और लड़कियों को जबरन विस्थापित किया गया है। मानवीय और सांख्यिकीय दृष्टिकोण से रिपोर्ट आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में आई गंभीर गिरावट को रेखांकित करती है। गाजा में लगभग 50,000 गर्भवती महिलाएं मौजूद हैं, प्रतिदिन 180 से अधिक प्रसव तेजी से खतरनाक और अस्वच्छ परिस्थितियों में हो रहे हैं, जिनमें से कई को पर्याप्त मातृत्व देखभाल नहीं मिल पा रही है और स्वास्थ्य प्रणाली के ध्वस्त होने के कारण उन्हें गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है।

राजदूत ने रिपोर्ट के हवाले से बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक आबादी गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है, जिनमें महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं। स्वच्छ पानी और स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच में भारी कमी आई है, जिससे पहले से ही दयनीय जीवन परिस्थितियां और भी बदतर हो गई हैं।

## फिलिस्तीनी की मजबूत आवाज़ हैं राजदूत

**रामपुर।** भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश का जन्म 22 अक्टूबर 1970 को गाजा के नुसैरात शरणार्थी शिविर में हुआ था। उन्होंने अपना प्रारंभिक शिक्षण संयुक्त राष्ट्र सशस्त्र बलों के स्कूलों में पूरा किया और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वेस्ट बैंक चले गए। बिरज़ाइट विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहाँ उन्होंने 1997 में अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री और व्यवसाय प्रशासन में सहायक विषय प्राप्त किया, जिसके बाद उन्होंने 2003 में अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। बिरज़ाइट विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा केंद्र से विपणन में व्यावसायिक डिप्लोमा भी पूरा किया, साथ ही 2007 में प्रमाणित परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। राजदूत अबू शावेश ने 1998 में योजना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय (जिसे बाद में विदेश मामलों और प्रवासी मंत्रालय में शामिल कर लिया गया) में सार्वजनिक सेवा में अपना करियर शुरू किया।1999 से 2003 तक उप रसद अधिकारी के रूप में कार्य किया। इज़राइल द्वारा लगाए गए आवागमन प्रतिबंधों और गाजा में जन्म लेने के कारण, वेस्ट बैंक में रहने के दौरान उन्हें कई वर्षों तक विदेश यात्रा करने से रोका गया।

**1905 में हुई थी जामा मस्जिद की तामीर**



जामा मस्जिद में फिलिस्तीनी राजदूत को मोमेंटो देते शहर इमाम।

रामपुर। जामा मस्जिद में सोमवार को भारत में फिलिस्तीनी राजदूत अब्दुल्लाह एमए अबु शावेश पूर्व मंत्री नवेद मियां के साथ जामा मस्जिद पहुंचे। जामा मस्जिद कमेटी के सदर सैयद शुऐब मियां, शहर इमाम मौलाना मोहम्मद नासिर खां ने स्वागत किया। फिलिस्तीनी राजदूत ने फिलिस्तीन के बारे में बताया। मौलवी नासिर खां उूर्द में तर्जुमा कर मौजूद लोगों को बताया। सदर सैयद शुऐब मियां, मौलवी नासिर खां ने बताया रामपुर की जामा मस्जिद एक ऐतिहासिक मस्जिद है इसका निर्माण 1905 में नवाब कल्बे अली खां ने किया था। नवेद मियां ने जामा मस्जिद, रजा लाइब्रेरी समेत दीगर इमारतों के बारे में बताया। फिलिस्तीनी राजदूत को मोमेंटो देकर सम्मानित किया । इस दौरान जामा मस्जिद कमेटी सदर के अलावा सदस्य आसिफ खां, शकील अहमद उस्मानी, मौलाना शाह खालिद, काशिफ खां आदि मौजूद रहे।

## शिकारपुर में शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण

**मसवासी।** विकास भारती स्कूल में शनिवार को "विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भाग लेकर छात्र-छात्राओं की मानसिक समस्याओं को समझने और समाधान के तरीके सीखे।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत कर किया। इस दौरान संसाधन व्यक्तियों के रूप में मधु शर्मा और श्वेतांगना संतराम ने शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, चिंता, अवसाद और स्टेज फियर जैसी समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यशाला में समूह चर्चा, रोल प्ले, केस स्टडी और माइंडफुलनेस गतिविधियों के जरिए शिक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर यह भी कहा गया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में विद्यालय, शिक्षक और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यशाला को उपयोगी बताया।

## हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को दी जानकारी

**स्वार।** इस वर्ष पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए दढ़ियाल रोड स्थित मदरसा जामिया अरबिया फैजुल कुरान हीरा इस्लामिया स्कूल में विशेष कैंप आयोजित किया। कैंप का आयोजन मदरसा के संचालक मौलाना अयूब साहब के निर्देशन में किया। जिसमें हज के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, अरकान और उसकी बारीकियों के बारे में जानकारी दी। अपनी फ्लाइट के समय से कम से कम 10 घंटे पहले घर से निकलें और समय से एयरपोर्ट पहुंचें। साथ ही पासपोर्ट, हेल्थ कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपने पास अवश्य रखें तथा सुरक्षा कर्मियों के मांगने पर उन्हें तुरंत दिखाएं। हाजियों को उमरा करने के तरीके, अहराम बांधना, हज की नियत करने का तरीका, मीना में कयाम, अरफात के मैदान में ठहराव, मुजदलफा में रात गुजारना, तवाफुल जियारत, तवाफुल विदा और मदीना में रोजा मुबारक की हाजिरी आदि के बारे में विस्तार से समझाया, मौलाना अयूब साहब ने हाजियों से सऊदी अरब, मक्का और मदीना पहुंचने पर वहां की हुकूमत के कानूनों का पालन करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरौरा, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरौरा, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है । जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी । स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है । आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी । सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा । आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो । सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बरौरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत बरौरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत निजामपुर, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निजामपुर, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है । जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी । स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है । आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी । सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा । आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो । सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत निजामपुर
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत निजामपुर
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत सैंडोरा, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैंडोरा, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है । जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी । स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है । आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी । सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी । सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा । आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो । सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी । निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सैंडोरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत सैंडोरा
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

# मेडिकल कॉलेज बनवाने को लेकर मंडलायुक्त से मिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

## विभिन्न रोगों के डॉक्टर हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी तिलक कॉलोनी कार्यालय पर एकत्रित हुए। उसके बाद मंडलायुक्त मुरादाबाद से मिलने के लिए मुरादाबाद पहुंचे। वहां पहुंचकर प्रतिनिधि मंडल ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में मंडलायुक्त से भेंट वार्ता।


मंडलायुक्त से मिलकर वार्तालाप करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि व्यापार मंडल के द्वारा लगातार किए अनुरोध में मेडिकल कॉलेज की शीघ्र शुरू कराने के संबंध में 28 मार्च को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी कार्यालय को भूमि अधिग्रहण कार्रवाई के लिए पत्र जारी किया था। जिसमें मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए पीपीपी मोड पर शुरू करने के लिए जनपद में जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक है। क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार मृत्यु हो रही है। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के बाद बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं। क्योंकि जनपद के जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही है। अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या 476, 481, 482 ,483 व 122 जो की बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में स्थित है इस जमीन को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया गया जो की जमीन उधान विभाग की है।

इस पर 7 दिसंबर 2021 को सारी रिपोर्ट तैयार कर ली गई उसके बाद सारी रिपोर्ट तैयार के बाद 15 /12 /2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रामपुर को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया गया। उसके बाद भी 14 दिसंबर 2021 को जिलाधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट सौंप दी।

22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद प्र संस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा,लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है। उसके बाद भी इन्वेस्टर की टीम सर्वे करने के लिए आई इसकी जानकारी भी प्राप्त की गई। लगभग रामपुर का मेडिकल कॉलेज को सरकार की तरफ से मंजूरी की स्थिति पर है इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से एक लेटर 28 मार्च 2021 को जिलाधिकारी के कार्यालय को मंजूरी के लिए पुनः लिखा गया है।राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि जल्दी रामपुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा, अब्दुल बासिक,बाबू खान, अब्दुल कादिर, तुफैल अहमद ,अंकित, शाहिद नूर अहमद,पप्पू, प्रवीण गुर्जर, नजाकत अली रयान, आदि मौजूद रहे।

# पटवाई के लदौरा में हुआ कला प्रतियोगिता का आयोजन


प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पटवाई के लदौरा गांव में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण परिवेश में शिक्षा के प्रति अलख जगा रहें राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव और उनके साथियों द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। सुनील यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को पाठन सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई कार्येक्रम के दौरान सभी ग्रामवासियों ने कबड्डी खिलाड़ी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुनील जैसे नौजवान ग्रामीण परिवेश की रीढ़ है।

सुनील लगातार ग्रामीण इलाकों में अच्छी शिक्षा, बेहतर खेल मैदान, बेहतर सड़क व्यवस्था और ग्रामीण मुद्दों को भी प्राथमिकता देने का काम कर रहें है इस दौरान विशाल, राकेश सिंह, सुरेंद्र आदि लोग मौजूद रहें।

# पीएम गतिशक्ति योजना से जिले को मिलेगी नई रफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत जनपद में विकास परियोजनाओं के बेहतर नियोजन, प्रभावी क्रियान्वयन एवं समन्वय सुनिश्चित करने के लिए जिला समन्वय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित हुई।


बैठक को संबोधित करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत आधुनिक तकनीक एवं जीआईएस आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जायेगा, जिससे आधारभूत संरचना के विकास को गति मिल सके। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्र विकास उपागम (एरिया डेवलपमेंट अप्रोच) को अपनाया गया है, जिसके तहत किसी निर्धारित क्षेत्र में समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि होगी।आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि समिति के गठन से जनपद में विकास कार्यों में तेजी आएगी तथा योजनाओं का लाभ आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए विकास परियोजनाओं का सटीक नियोजन, प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए। जिससे भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत की परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा।बैठक में उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट रूप से आकलन किया जा सकेगा कि कोई भी प्रस्तावित परियोजना आबादी से कितनी दूरी पर स्थित है। इस पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं का एकीकृत डेटा उपलब्ध रहेगा, जिससे योजनाओं का बेहतर विश्लेषण एवं समन्वित निर्णय लेना संभव हो सकेगा।

# शिविर निर्माण- साज-सज्जा व पाक-कला का मिला प्रशिक्षण, विजेताओं को किया पुरस्कृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मिलक क्षेत्र के बकैनिया भाट स्थित महादेव रामस्वरूप डिग्री कॉलेज में 23 अप्रैल से चल रहे पंच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। समापन समारोह में रोवर्स रेंजर्स द्वारा तैयार किए गए मनमोहक शिविरों और साज-सज्जा की सभी ने सराहना की।



शिविर के समापन के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं अन्य लोग। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रफुल्ल दीक्षित व शिविर के प्रशिक्षक प्रेम पाल ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।डॉ. प्रफुल्ल दीक्षित ने सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण युवाओं में अनुशासन, स्वभाव और आत्मनिर्भरता का विकास करता है। यह जीवन में हर चुनौती से लड़ना सिखाता है।पांच दिवसीय शिविर में रोवर्स रेंजर्स ने विभिन्न टोलियों में बंटकर अत्यंत मनमोहक शिविरों का निर्माण किया। प्रशिक्षण के दौरान टेंट लगाना, गांठें बांधना, प्राथमिक चिकित्सा, साज-सज्जा व पाक-कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविरार्थियों ने बिना बर्तन के भोजन बनाना और सीमित संसाधनों में जीवन जीने की कला सीखी।शिविर के दौरान शिविर सज्जा, पाक-कला, मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजयी रोवर्स/रेन्जर्स को प्रबंधक डॉ. प्रफुल्ल दीक्षित और प्रशिक्षक प्रेम पाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कमल कान्त वाजपेयी ने किया। अंत में प्राचार्य डॉ. आसिफा खातून ने सभी प्रशिक्षकों, स्टाफ और रोवर्स,रेंजर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इस अवसर पर सर्वेश सिंह, सचिन गंगवार, रोवर्स प्रभारी अमरपाल, योगेश आनन्द, कमल कान्त बाजपेई, रेन्जर्स प्रभारी शबाना, भगवत सरन आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी,रेफर

**शाहबाद।** सोमवार को देर शाम शाहबाद क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बिसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पृथीपुर निवासी भूपेंद्र शाहबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बन्दार रिश्तेदारी में आया हुआ था। देर शाम वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ढकिया चौकी क्षेत्र के मधुकर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने भूपेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। सीएचसी अधीक्षक मोहित रस्तोगी ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया और उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार।

## उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सख्त निर्देश जारी

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि थोक उर्वरक विक्रेता जिले के समस्त विकास खंडों में फुटकर विक्रेताओं को समान रूप से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक फुटकर विक्रेता अपने बिक्री केंद्र पर स्टॉक रजिस्टर का संधारण करेगा तथा स्टॉक बोर्ड पर प्रतिदिन उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा एवं दर का अंकन सुनिश्चित करेगा।

कार्यक्रम | वंदना सत्र में माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर दी शील्ड

# यूपी बोर्ड के टॉप-10 मेधावी को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक में सोमवार को वंदना सत्र में यूपी बोर्ड-2026 के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रधानाचार्य ने मेधावियों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर शील्ड्स देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर सभी छात्र हर्ष विभोर हो गए।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।कहा कि ये बच्चे विद्यालय ही नहीं, पूरे मिलक क्षेत्र का गौरव हैं। इनकी मेहनत से दूसरे छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। शिक्षा के साथ संस्कार ही विद्या भारती का मूल मंत्र है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने सभी भैया/बहनों के साथ-साथ उनका शिक्षण प्रदान करने वाले आचार्य परिवार की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से ही ये परिणाम संभव हुए हैं। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, सदस्य बाबूराम गंगवार (एडवोकेट) और प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह के साथ-साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सार संक्षेप


राजेंद्र यादव को बीआरएसएस के जिलाध्यक्ष का प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी।

### राजेंद्र यादव बने बीआरएसएस के जिलाध्यक्ष

**शाहबाद।** भारतीय राष्ट्रीय सेवक संघ की बैठक का आयोजन शाहबाद के मीरापुर गांव में किया गया। बैठक में संगठन के संगठन के बरेली मंडल के संरक्षक फौजी खुशीराम यादव के द्वारा रामपुर जनपद की कार्यकारणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर शाहबाद तहसील के मीरापुर गांव निवासी राजेंद्र सिंह यादव उर्फ शुगर सिंह को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही साथ बंटी यादव को शाहबाद का तहसील अध्यक्ष, पप्पू यादव को तहसील उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, किशन पाल को ग्राम अध्यक्ष मीरापुर बनाया ।संगठन के उच्च पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की।


नायब तहसीलदार हरीश जोशी को ज्ञापन सौंपते गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारी।

### गाय को राष्ट्र माता घोषित कराएं सरकार

**शाहबाद।** सोमवार को गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मनोज कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नामित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि गौ माता के सम्मान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार उन्हें केंद्र से राष्ट्र माता घोषित कराएं।उत्तर प्रदेश में गोवंश की देखभाल के लिए ओर बेहतर इंतजाम किए जाए। ज्ञापन देने वाले में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मनोज कुमार, युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल, जिला संयोजक प्रकाश, नगर अध्यक्ष शांति प्रसाद, भूकंन लाल, ओंकार सिंह,अभय ठाकुर,विकास, सुमित, संजीव, रिंकू पांडे, पप्पू चौधरी, पंकज यादव, संजू यादव, विजय, बबलेश, हिमांशु, यशवीर, अमित कुमार, प्रकाश कुमार, रामनिवास, शनि, अखिलेश कुमार और तेजवीर रहे।


फॉर्मर रजिस्ट्री के काम की समीक्षा करते नायब तहसीलदार हरीश जोशी।

### फॉर्मर रजिस्ट्री करने के लिए गांव- गांव बैठे लेखपाल

**शाहबाद।** तहसील प्रशासन ने जिलाधिकारी की मंशा के अनुसार छूटे हुए किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के किए गांव गांव में लेखपालों की ड्यूटी लगाई। जिसके चलते सोमवार को शाहबाद तहसील क्षेत्र के गांवों में फॉर्मर रजिस्ट्री करने के लिए लेखपालों ने कई गांवों में पहुंचकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री कराई। नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने चकरपुर कदीम, सैफनी, बिजपुरी लालजी, देवीपुरा आदि गांवो जाकर फॉर्मर रजिस्ट्री के काम की समीक्षा की। एसडीएम आशुतोष कुमार के द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए गांवों में तैनात किए गए लेखपालों ने गांवों में जाकर किसानों के आधार कार्ड लेकर फॉर्मर रजिस्ट्री को चेक किया। जिन किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाई थी, उन किसानों से खसरा खतौनी लेकर मौके पर ही फॉर्मर रजिस्ट्री की गई। इस दौरान करेथी गांव में 13 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री हुई वहीं देवीपुरा गांव में 16 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री कराई गई। इसी तरह बिजपुरी लालजी समेत कई गांवों में लेखपालों ने बैठकर फॉर्मर रजिस्ट्री के काम को पूरा कराया। खबर लिखे जाने तक शाहबाद तहसील क्षेत्र में 190 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की जा चुकी थी। नायब तहसीलदार हरीश जोशी देर शाम तक गांवों में जाकर फॉर्मर रजिस्ट्री के काम की समीक्षा करते रहे। इस दौरान रेनू चंद्रा लेखपाल समेत दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।

### ईओ ने नगरपालिका कार्यालय में सुनीं समस्याएं

**टांडा।** सोमवार को प्रात: 10 बजे से कार्यालय नगर पालिका परिषद टांडा में सम्भव जनसुनवाई में अधिशासी अधिकारी वन्दना शर्मा ने वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी की उपस्थिति में नगर के लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 8 समस्याएं आईं, जिनका निस्तारण कराया।इसके बाद कार्यालय में एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें मिष्ठान शॉप दुकानदार, खाने के होटल संचालक, क्लीनिक संचालक एवं डॉक्टर और अन्य दुकानदार उपस्थित रहे। इस दौरान ईओ वन्दना शर्मा ने सभी उपस्थितजनों को गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा के बारे में समझाते हुए बताया कि सभी अपना कूड़ा डस्टबिन में रखें और नगर पालिका कर्मचारियों को दें। गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, जैविक कूड़ा और अजैविक कूड़ा के बारे में ईओ ने सभी को विस्तार से समझाया।कैसे इसको अलग-अलग करना है, ये भी बताया। साथ ही ये भी समझाया कि बेहतर साफ सफाई न होने एवं कूड़े का सही निस्तारण न होने से बीमारियों का अंदेशा बना रहता है। ईओ ने सभी दुकानदारों से कहा कि प्लास्टिक, थर्माकोल और पॉलिथीन का उपयोग न करें और अपना सामान कागज के थैली में दें। सुपरवाइजर हैम जोशी ने भी सभी को चारों प्रकार के कूड़े के बारे में समझाया और साथ ही सभी लोगों से कहा कि हमारे नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अपनी फैमिली आईडी भी बनवाएं। फैमिली आईडी के लाभ के बारे में भी ईओ ने विस्तार से समझाया और कहा कि हमारे कर्मचारी आपके घर-घर जा रहे हैं, फैमिली आईडी बनवाएं और उनका सहयोग करें।


नगर पालिका कार्यालय में लोगो की समस्या सुनती अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा।

एक नजर

## डायलिसिस को आई किशोरी की तबियत बिगड़ने पर मौत

**चन्दौसी।** सीएचसी में डायलिसिस कराने आई किशोरी की अचानक तबियत खराब होने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन किशोरी का शव घर ले गए। जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव जबरिया निवासी सेवाराम की 14 वर्षीय पुत्री की सीएचसी से डायलिसिस चल रही है। सोमवार की सुबह 4 बजे सेवाराम अपनी पुत्री को लेकर डायलिसिस कराने पहुंचा। डायलिसिस कराने से पहले ही किशोरी की हालत बिगड़ गई। जब किशोरी को चिकित्सक को दिखाया तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन किशोरी के शव को घर ले गए।

## 1700 अभ्यर्थियों ने छोड़ी होमगार्ड लिखित परीक्षा

**चन्दौसी।** संभल जनपद में 10 परीक्षा केंद्र पर होमगार्ड लिखित परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई गई। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजार रहे। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जा रही हैं। दोनों पालियों में 1700 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। सोमवार को संभल जनपद में 10 परीक्षा केंद्र पर होमगार्ड लिखित परीक्षा संपन्न कराई। सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। जिसमें पहली पाली में 3648 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें से 2790 अभ्यर्थी मौजूद रहे। जबकि 858 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। जबकि दूसरी पाली में 3648 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। मगर 2806 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें 842 अभ्यर्थी परीक्षा से नदारत रहे। परीक्षा को लेकर डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई पल-पल की जानकारी लेते रहे।

# भाजपा में ही नारी का सम्मान : सत्यपाल

## महिलाओं ने महिला बिल का विरोध करने वाले विपक्ष का पुतला फूंक की नारेबाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय



जनाक्रोश महिला सम्मेलन में पदयात्रा में शामिल एमएलसी, राज्यमंत्री व पदाधिकारी।


कार्यक्रम में विपक्ष का पुतला फूंकते भाजपा पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

है। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी बंगाल में भी प्रयास शुरू कर चुकी है। बंगाल चुनाव जीतने या हारने दोनों की स्थिति में पार्टी का अगला निशाना तृणमूल कांग्रेस पार्टी को तोड़ने का है। पार्टी का एक धड़ा जहां चुनाव में पूरी ताकत झोंके हुए है तो दूसरा धड़ा तृणमूल में भी सेंध लगा रहा है इसकी खबर ममता बनर्जी को भी है। यहीं नहीं भाजपा पंजाब में पंथिक वोटों में भी सेंधमारी करने की कोशिश कर रही है, जिनपर कभी शिरोमणि अकाली दल का दबदबा हुआ करता था। अकाली दल के पतन के बाद बीजेपी नेताओं का मानना है कि यह वोट बैंक उनके हाथ में आ सकता है क्योंकि यह कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों से निराश हैं। बीजेपी के इसी रणनीति के तहत अप्रैल की शुरूआत में सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील एचएस फूलका बीजेपी में शामिल हुए जिससे पंथिक मतदाताओं के बीच बीजेपी की पहुंच मजबूत हुई। हालांकि राज्य अनुसूचित जातियों के बीच कांग्रेस की मजबूत पकड़ है लेकिन बीजेपी ने इसमें भी सेंधमारी शुरू कर दी है। राघव चड्ढा ने पंजाब में जो खेल किया वह यूं ही अचानक नहीं हो गया। यह पूरा किस्सा तब शुरू हुआ 2 अप्रैल को जब आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखा और यह बताया कि राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर के पद से हटाकर डॉ. अशोक मित्तल को वह पार्टी का राज्यसभा में डिप्टी लीडर नियुक्त कर रही है। इस टूट में राघव के टूटने का कोई बहुत आश्चर्य नहीं है लेकिन आश्चर्य तो अशोक मित्तल को लेकर है जिन पर आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक भरोसा किया। उनको न केवल उपनेता बनाया बल्कि केजरीवाल लंबे समय से उनके घर पर ही रह रहे थे। राघव ने पार्टी के इस फैसले के विरोध में एक वीडियो पोस्ट किया और नाराजगी जाहिर की। उनके इस वीडियो के बाद ही पार्टी के तमाम नेताओं जैसे- संजय सिह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज आदि भी राघव पर हमलावर हुए और बोलना शुरू किया कि राघव ने ये कदम डरकर उठाया है। वो बीजेपी से डर गए इसलिए उन्होंने पार्टी द्वारा उठाए गए मुद्दों को अपनी आवाज न देकर सॉफ्ट पीआर करने में लगे हैं। राघव को डिप्टी लीडर के पद से हटाने के बाद पंजाब सरकार ने चड्ढा को दी गई सिक्योरिटी भी हटा ली। इसके बाद राघव को केंद्र सरकार ने सिक्योरिटी दी। वहीं इसी के साथ ही डॉ. अशोक मित्तल के जालंधर समेत तमाम ठिकानों पर ईडी की फ़ेमा के तहत छापामारी होने लगी। राघव और केजरीवाल के बीच की दूरियां साल 2024 से ही बढ़ने लगी थीं, जब केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और राघव लंदन में थे। उस वक्त राघव ने केजरीवाल के लिए सोशल मीडिया के जरिए भी कोई पोस्ट नहीं किया और न ही पार्टी के साथ दिखाई दिए। पार्टी के दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 हारने के बाद से तो जैसे राघव ने पार्टी से एक अनकही दूरी बना ली। वह सदन में जाते, आम लोगों के मुद्दे उठाते लेकिन पार्टी में हुई तमाम गिरफ्तारियों, केजरीवाल-सिसोदिया समेत 21 आरोपियों के शराब घोटाला केस में बरी होने के बाद भी उन्होंने एक पोस्ट तक नहीं किया। इन सबके बाद आम आदमी पार्टी ने बड़ा फैसला लेते हुए राघव को इसी 2 अप्रैल को राघव को डिप्टी लीडर के पद से हटा दिया। इसके बाद राघव ने अपने साथ 6 अन्य सांसदों संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी को अपने साथ लिया और आज पार्टी छोड़ दी। दो-तिहाई सांसदों को साथ लेकर 24 अप्रैल को सुबह ही राघव चड्ढा ने राज्यसभा सचिवालय में पार्टी छोड़ने का पत्र और नया गुट बनाते हुए भाजपा में शामिल होने की सूचना दे दी थी। इसके साथ ही राघव व अन्य आप नेता आज शाम भाजपा में शामिल हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी को तोड़कर अपने को राज्यसभा में भी खासा मजबूत कर लिया है। अब रास में उसको सात सांसदों का एक साथ मिल जाना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है हालांकि भाजपा ने यह पहली बार नहीं किया है। कांग्रेस, बसपा ओर अन्य दलों के नेताओं को ईडी, सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियों से डरा-धमका कर पहले छापेमारी और फिर गिरफ्तारी का भय दिखाकर अपनी पार्टी में शामिल करना भारतीय जनता पार्टी का शगल रहा है। हालांकि कई बार उसके चंगुल में संजय सिंह सरीखे कई नेता नहीं भी फंसे। अब देखना यह है कि आम आदमी पार्टी की टूट का अगला एपीसोड पंजाब या बंगाल में कब देखने को मिलेगा हालांकि सूत्रों की मानें तो पंजाब में इसकी अगली किस्त बहुत जल्द देखने को मिलेगी इसके लिए राघव चड्ढा की टीम को लगा दिया गया है और उनको सारे अस्त्र-शस्त्र थमा भी दिये गये हैं।

■ राजेश श्रीवास्तव

# शोषण के चक्रव्यूह में फंसा आज का श्रमिक

हर साल 1 मई को दुनिया 'मजदूर दिवस' मनाती है। गगनचुंबी इमारतों से लेकर हथेली में सिमटी दुनिया तक, हम जिस भी आधुनिकता पर गर्व करते हैं, उसकी नींव में किसी न किसी मजदूर का पसीना और खून मिला है। लेकिन विडंबना देखिए, जिस हाथ ने सभ्यता का ढांचा खड़ा किया, वही हाथ आज अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए फैला हुआ है। आज जब हम 'डिजिटल इंडिया' और 'तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था' बनने की ओर अग्रसर हैं, तब भी देश के करोड़ों मजदूरों की स्थिति अत्यंत दयनीय और चिंताजनक बनी हुई है। आज के दौर में मजदूरों की सबसे बड़ी समस्या वेतन विसंगति और काम के घंटों का अनिश्चित होना है। 'न्यूनतम मजदूरी अधिनियम' फाइलों में तो सुरक्षित है, लेकिन धरातल पर निजी कंपनियां और ठेकेदार इसका खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। 8 घंटे की जगह 12-12 घंटे काम लिया जा रहा है, और बदले में मिलने वाला वेतन महंगाई के अनुपात में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। बड़ी कंपनियों में 'आउटसोर्सिंग' और 'कॉन्ट्रैक्ट कल्चर' ने मजदूरों को आधुनिक गुलाम बना दिया है। ठेके पर काम करने वाले इन मजदूरों को न तो सामाजिक सुरक्षा (PF/ESI) मिलती है और न ही नौकरी की गारंटी। कंपनियां मुनाफे की अंधी दौड़ में मजदूरों को केवल एक 'रिसोर्स' (संसाधन) मानती हैं, 'इंसान' नहीं। छंटनी का डर तलवार की तरह हमेशा उनके सिर पर लटका रहता है, जिससे वे अपने हक के लिए आवाज उठाने से भी कतराते हैं। इंटरनेट और वर्तमान सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों के आधार पर आज मजदूरों के सामने कई



गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें मुख्यधारा का मीडिया अक्सर नजरअंदाज कर देता है। भारत का लगभग 90% श्रम बल असंगठित क्षेत्र (निर्माण, कृषि, घरेलू कामगार) में है। इनके पास कोई लिखित अनुबंध नहीं होता, जिससे ये कानूनी लड़ाई लड़ने में अक्षम रहते हैं। इन्हें न तो सवैतनिक अवकाश मिलता है और न ही मातृत्व लाभ।निर्माण कार्यों, रासायनिक कारखानों और खानों में सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की जाती है। धूल और धुएं के बीच काम करने वाले मजदूरों को सिलिकोसिस, टीबी और त्वचा की गंभीर बीमारियां उपहार में मिलती हैं। उनके लिए उचित चिकित्सा सहायता का अभाव उन्हें कर्ज के दलदल में धकेल देता है। आजकल ऑनलाइन डिलीवरी और राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म्स पर काम करने वाले 'गिग वर्कर्स' की संख्या बढ़ी है। इन्हें 'पार्टनर' कहा जाता है, लेकिन वास्तव में इनके पास न तो न्यूनतम मजदूरी का अधिकार है और न ही काम के निश्चित घंटे। यह शोषण का एक नया और डिजिटल चेहरा है। निर्माण और कृषि क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों के बराबर या उससे अधिक श्रम करती हैं, लेकिन लिंग आधारित भेदभाव के कारण उन्हें कम वेतन दिया जाता है। इसके अलावा, कार्यस्थलों पर शौचालय और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाती है। गरीबी और शिक्षा के अभाव में लाखों बच्चे आज भी स्कूलों के बजाय कारखानों और होटलों में अपना बचपन जला रहे हैं। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। केवल कानून नहीं, संवेदनशीलता भी जरूरी है। मजदूरों की स्थिति में सुधार केवल नारों से नहीं, बल्कि ठोस धरातलीय बदलावों से आएगा। इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाने अनिवार्य हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रम कानूनों का पालन सख्ती से हो। जो कंपनियां या ठेकेदार न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान करते हैं, उनके लाइसेंस रद्द किए जाने चाहिए। लेबर इंस्पेक्टरों की जवाबदेही पारदर्शी तकनीक के माध्यम से तय होनी चाहिए। हर मजदूर, चाहे वह रेहड़ी-पटरी वाला हो या निर्माण श्रमिक, उसे एक सार्वभौमिक पहचान (जैसे ई-श्रम पोर्टल) के जरिए पूर्ण स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना से जोड़ा जाना चाहिए। बदलती तकनीक के साथ मजदूरों को नई मशीनों का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। जब एक मजदूर 'कुशल श्रमिक' बनेगा, तो उसकी मोलभाव करने की शक्ति बढ़ेगी और वह बेहतर आय प्राप्त कर सकेगा। औद्योगिक केंद्रों के आसपास मजदूरों के लिए सरकारी आवास और उनके बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जो अगली पीढ़ी को इस गरीबी के कुचक्र से बाहर निकाल सकती है। आज ट्रेड यूनियनें राजनीतिक दलों की कठपुतली बन गई हैं। इन्हें राजनीति से ऊपर उठकर मजदूरों की वास्तविक समस्याओं, जैसे कार्यस्थल पर सुरक्षा और वेतन वृद्धि के लिए लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करना होगा। मजदूर दिवस केवल अवकाश मनाने या प्रतीकात्मक भाषण देने का दिन नहीं है। यह एक संकल्प का दिन है। यदि देश का अन्नदाता और बुनियादी ढांचा खड़ा करने वाला हाथ कमजोर रहेगा, तो राष्ट्र की प्रगति का महल कभी सुरक्षित नहीं रह सकता। हम जिस मेज पर बैठकर भोजन करते हैं, जिस कार में सफर करते हैं और जिस मोबाइल पर यह लेख पढ़ रहे हैं, उन सबके निर्माण में किसी मजदूर की उंगलियां घिसी हैं। हमें 'श्रमेव जयते' के मंत्र को केवल दीवारों पर लिखने के बजाय समाज के आचरण में उतारना होगा। मजदूरों को उनकी मेहनत का वाजिब हक, सुरक्षा और सम्मान देना किसी भी सभ्य समाज और सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। याद रहे, पसीने की हर बूंद की एक कीमत है, और जब तक वह कीमत न्यायसंगत नहीं होगी, तब तक विकास का हर दावा खोखला है। आइए, इस मजदूर दिवस पर हम उनके संघर्षों के प्रति न केवल सहानुभूति दिखाएं बल्कि उनके अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ खड़े हों।

■ उमेश कुमार साहू

# मोसाद के सीक्रेट एजेंट को इजरायल की खामोश विदाई

दुनिया की सबसे बड़ी इजरायल की जासूसी एजेंसी 'मोसाद' के काम करने का तरीका हमेशा एक राज रहा है। कुछ समय पहले ही इजरायल ने अपने एक ऐसे ही जाबांज एजेंट की कहानी से पर्दा उठाया है, जिसने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा के लिए अंधेरे में रहकर काम किया। मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे के दौरान इस एजेंट की जान चली गई थी। बताया जा रहा है कि यह एजेंट कोई साधारण व्यक्ति नहीं था, बल्कि ईरान के खतरनाक मंसूबों को रोकने में इजरायल का सबसे बड़ा हथियार था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस एजेंट की वजह से ही इजरायल को ईरान के खिलाफ चल रही गुप्त जंग में बड़ी कामयाबी मिली थी। एजेंट 'एम' का असली नाम आज भी एक गहरा राज बना हुआ है। इजरायल की सरकार और मोसाद ने कभी भी उनकी पहचान को पूरी तरह नहीं खोला। इटली की मीडिया ने उन्हें 'एरेज शिमोनी' नाम दिया था, लेकिन माना जाता है कि यह उनकी असली पहचान छिपाने के लिए एक नकली नाम था। उन्होंने मोसाद में लगभग 30 साल तक अपनी सेवा दी और इजरायल की सबसे मजबूत दीवार बने रहे। जानकारी के अनुसार वह स्वभाव से बहुत ही शांत और नेक इंसान थे। उनके दोस्तों और साथियों का कहना है कि वह हर किसी से बहुत प्यार से मिलते थे और बड़ों से लेकर बच्चों तक, सबकी भाषा समझते थे। वह दुनिया की नजरों में एक साधारण इंसान थे, लेकिन असल में वह इजरायल के सबसे बड़े रक्षक थे। उनकी मृत्यु के बाद जब उन्हें विदा किया गया, तो मोसाद के बड़े अधिकारियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए टोपी और मास्क लगाकर उन्हें अंतिम सलाम दिया। एजेंट 'एम' ने ईरान के खिलाफ चल रही लड़ाई में बहुत ही खास भूमिका निभाई थी। मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया ने बताया कि 'एम' ने उन गुप्त मिशनों को संभाला था जिनकी वजह से इजरायल को ईरान पर बड़ी जीत मिली। उन्होंने 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' नाम के एक बड़े अभियान में अपनी बुद्धि और नई तकनीक का ऐसा इस्तेमाल किया कि दुश्मन के पास कोई जवाब नहीं था। मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया ने आगे बताया कि उन्हें 'एम' की बहादुरी पर बहुत गर्व है। 'एम' ने इजरायल की सरहद से दूर रहकर उन खतरों को खत्म किया जो देश की सुरक्षा को नुकसान पहुँचा सकते थे। उनके काम करने का तरीका इतना शानदार था कि दुश्मन को पता भी नहीं चलता था और मिशन पूरा हो जाता था। वह उन चुनिंदा लोगों में से थे जिन्होंने ईरान के खतरनाक हथियारों और परमाणु मंसूबों को रोकने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। मई 2023 की एक शाम इटली की 'लेक मैगीगोर' झील में एक बहुत ही दुखद हादसा हुआ। एजेंट 'एम' वहाँ किसी छुट्टी पर नहीं, बल्कि एक बहुत ही जरूरी मीटिंग के लिए गए थे। उस नाव पर उनके साथ इजरायल और इटली के कई और जासूस भी सवार थे। अचानक मौसम बिगड़ा और नाव पलट गई। इस हादसे में 'एम' के साथ इटली के दो एजेंट और नाव के कप्तान की पत्नी की डूबने से मौत हो गई। उस नाव पर क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे, जिस कारण यह हादसा हुआ। नाव जब डूबी तो वह किनारे से सिर्फ 100 मीटर की दूरी पर थी, लेकिन 'एम' को बचाया नहीं जा सका।

# उच्च न्यायालय का कर्मचारी हितैषी फैसला

सरकारी सेवा में प्रवेश पाने वाले युवा केवल एक नौकरी नहीं प्राप्त करते, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत, प्रतियोगी परीक्षाओं की तपस्या, आर्थिक-मानसिक संघर्ष और पूरे परिवार की आशाओं को भी साथ लेकर आते हैं। जब वे लोक सेवा आयोग या चयन आयोग के माध्यम से कठिन परीक्षाएं पार कर चयनित होते हैं, तो उनके मन में एक मजबूत विश्वास जागता है कि अब उनकी सेवा शर्तें स्थिर, न्यायपूर्ण और संवैधानिक संरक्षण के अधीन होंगी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का हालिया फैसला, जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती एवं सेवा शर्तें अधिनियम 2024 को पूरी तरह निरस्त कर दिया गया, इसी विश्वास की रक्षा का एक मजबूत प्रतीक है। यह निर्णय केवल एक विधेयक को रद्द करने तक सीमित नहीं है। यह राज्य सरकारों को स्पष्ट संदेश देता है कि कर्मचारियों के वैध अधिकारों को वित्तीय दबाव के नाम पर कुचला नहीं जा सकता। खासकर अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों की वरिष्ठता, वार्षिक वेतन वृद्धि, वित्तीय लाभ, पदोन्नति और अन्य सेवा शर्तों को उनकी प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि से ही गिनने का सिद्धांत न्यायालय ने फिर से मजबूती से स्थापित किया है। इस फैसले से प्रदेश के हजारों अनुबंध कर्मचारियों और नियमितीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहे युवाओं को बड़ी राहत मिली है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 के शीतकालीन सत्र में यह अधिनियम पारित कराया था, जिसे फरवरी 2025 में राज्यपाल की सहमति भी मिल गई। विधेयक का मुख्य उद्देश्य अनुबंध कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समकक्ष लाभ प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि से देने से इनकार करना था। इसके अनुसार वेतन, वरिष्ठता, वृद्धि, पदोन्नति और पेंशन जैसे लाभ केवल नियमितीकरण की तिथि से ही दिए जाते। इससे अनुबंध पर लंबे समय से सेवा दे रहे हजारों कर्मचारियों को न केवल आर्थिक नुकसान होता, बल्कि उनकी वरिष्ठता, पदोन्नति की संभावनाएं और भविष्य के पेंशनरी लाभ भी गंभीर रूप से प्रभावित होते। सरकार का तर्क था कि इससे राज्य पर वित्तीय बोझ कम होगा और नियमित तथा अनुबंध कर्मचारियों के बीच समानता स्थापित होगी।

# वैष्णो देवी मंदिर के चढ़ावे में नकली चांदी का खेल

माता वैष्णो देवी मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाई जाने वाली चाँदी को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। इससे मंदिर के आसपास बिकने वाली चीजों की असलियत पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। समाचार पत्र की एक रिपोर्ट के अनुसार जिस चाँदी को भक्त असली समझकर चढ़ा रहे थे उसमें असल में बहुत कम चाँदी और बाकी सस्ती व जहरीली धातुएँ मिली हैं। यह मामला तब सामने आया जब श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने करीब 20 टन जमा चढ़ावे को पिघलाने और सुरक्षित रखने के लिए सरकारी टकसाल (मिंट) में भेजा। जब वहाँ इसकी जाँच हुई तो अधिकारी भी हैरान रह गए। जाँच में पता चला कि इस पूरी धातु में सिर्फ 5-6 प्रतिशत ही असली चाँदी है। चाँदी के बजाय बाकी का हिस्सा ज्यादातर कैडमियम और लोहे का था। जहाँ चाँदी की कीमत करीब 2,75,000 रुपए प्रति किलो है तो वहीं कैडमियम की कीमत सिर्फ 400-500 रुपये प्रति किलो है। यानी चढ़ावे की असली कीमत उम्मीद से बहुत कम निकली। पहले अनुमान लगाया गया था कि इन चढ़ावों से करीब 500-550 करोड़ रुपए की चाँदी निकलेगी। हालाँकि अब साफ हो गया है कि असल कीमत सिर्फ करीब 30 करोड़ रुपए ही हो सकती है। एक मामले में करीब 70 किलो चढ़ावे में से सिर्फ 3 किलो ही असली चाँदी निकली। इसे अलग करने में टकसाल अधिकारियों को लगभग 3 महीने लग गए और इससे पता चलता है कि समस्या कितनी गहरी है। जानकारों के अनुसार चांदी में कैडमियम का होना इस मामले को और गंभीर बना देता है। यह धातु न सिर्फ सस्ती बताई जा रही है बल्कि खतरनाक भी है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों के तहत इसे उपभोक्ता सामान में इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है क्योंकि इससे निकलने वाली गैसें कैंसर पैदा कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि इसी वजह से टकसाल अधिकारियों ने शुरुआत में इस धातु को प्रोसेस करने से मना कर दिया था। बाद में सुरक्षा इंतजाम और खास मशीनों के इंतजाम के बाद ही काम शुरू किया गया। फिर भी ज्यादा चांदी वाले हिस्सों को पहचानने के लिए करीब 25 लाख रुपए की कीमत वाले खास हैंडहेल्ड डिवाइस का इस्तेमाल करना पड़ा। इससे जुड़े अधिकारियों के अनुसार ऐसी जहरीली धातुओं को संभालना कर्मचारियों के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी खतरनाक है और इससे हवा-पानी दोनों प्रदूषित हो सकते हैं। जानकारों का कहना है कि टकसाल ने पिछले एक साल में कई बार इस मुद्दे को उठाया है। इसके लिए उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा के दफ्तर और मंदिर बोर्ड को पत्र भी लिखा गया। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यह भक्तों के साथ धोखा है



क्योंकि वे अच्छी नीयत से सामान खरीदते हैं लेकिन उन्हें असलियत का पता नहीं होता। ऐसी मिलावटी चाँदी के सामान की बिक्री तुरंत रोकी जानी चाहिए। जानकारों की माने तो भारत के अन्य प्रमुख मंदिरों जैसे तिरुपति, सिद्धिविनायक, गुरुवायूर देवस्वम या श्रीकालहस्ती में इस तरह की मिलावट की कोई खबर सामने नहीं आई है। इससे शक और गहरा हो गया है कि समस्या वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के आसपास के स्थानीय ज्वेलर्स और दुकानदारों में हो सकती है। माना जा रहा है कि ये दुकानदार चाँदी जैसी दिखने वाली चीजें बेच रहे हैं जो असल में सस्ती धातुओं से बनी होती हैं। कैडमियम देखने में चाँदी जैसा ही लगता है और इसलिए आम लोग आसानी से धोखा खा जाते हैं। इससे हर साल लाखों भक्तों के साथ ठगी होने का खतरा बना रहता है। हर साल लाखों श्रद्धालु त्रिकुटा पहाड़ियों पर चढ़कर माता को सिक्के, गहने और अन्य चीजें चढ़ाते हैं। उनके लिए यह सिर्फ आस्था और श्रद्धा का सवाल होता है। हालाँकि, अब जो सच्चाई सामने आई है उसने इन चढ़ावों की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। साथ ही धार्मिक बाजारों में भरोसे और नियमों को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। यह जानकारी न केवल बेचे जा रहे सामान की गुणवत्ता पर सवाल उठाती है बल्कि धार्मिक बाजारों में भरोसे और नियमों को लेकर भी बड़े सवाल खड़े करती है। टकसाल द्वारा बार-बार इस मुद्दे को उठाने और इसमें जुड़े आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी खतरों को उजागर करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना, इससे यह मामला और भी ज्यादा गंभीर हो गया है।

■ रामस्वरूप रावतसरे

# अंगदान को महादान बनाए समाज, मिट्टी और आग में न जलाएं बहुमूल्य अंग : डॉ. वाणी गुप्ता

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

**लखीमपुर खीरी।** अन्नदान की तरह ही अब अंगदान के लिए समाज में व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। जिस तरह परिवार के बड़े-बुजुर्ग बच्चों को अन्न बर्बाद न करने की सीख देते हैं, उसी तरह मृत्यु के बाद शरीर के अंगों को मिट्टी में दफनाकर या आग में जलाकर बर्बाद न करने की शिक्षा देकर लाखों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। यह विचार स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने व्यक्त किए। अवसर था मेडिकल कॉलेज देवकली में आयोजित 'मेडिकल एल्ट्रिज्म (परोपकारार्थमिदं शरीरम्)' विषय पर उत्तर प्रदेश के पहले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन का।

इस ऐतिहासिक आयोजन में एसजीपीजीआई, केजीएमयू और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी (यूके) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिए। कैम्ब्रिज से जुड़े डॉ. अभिषेक रे ने आंत प्रत्यारोपण में भारत बनेगा अग्रणी विषय पर जानकारी दी।सम्मेलन के दूसरे दिन यूनाइटेड किंगडम की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के डॉ. अभिषेक रे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि:छोटी आंत और मल्टी विसेरल प्रत्यारोपण उन रोगियों के लिए जीवनरक्षक है जिनकी आंतें पूरी तरह विफल हो चुकी हैं। यह प्रक्रिया तब अपनाई जाती है जब रोगी नसों के माध्यम से पोषण लेने में असमर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि यूरोप की तरह भारत में भी इस क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है और यह कॉन्फ्रेंस बड़े बदलाव की साक्षी बनेगी।केजीएमयू के यूरोलॉजी विभाग के प्रो. डॉ. विश्वजीत सिंह ने बताया कि किडनी की बीमारी अंतिम चरण में पहुंचने पर प्रत्यारोपण ही एकमात्र प्रभावी इलाज है। भारत में कानूनी, नैतिक और बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के कारण अंगों की मांग और उपलब्धता के बीच एक बड़ा अंतर है, जिसे जागरूकता से ही कम किया जा सकता है। अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के डॉ. अभिषेक यादव ने बताया कि लीवर प्रत्यारोपण की सफलता दर निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने छात्रों को आधुनिक बदलावों से अपडेट रहने की सलाह देते हुए कहा कि जागरूकता के अभाव में डोनर नहीं मिल पा रहे हैं। केजीएमयू के डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि एक मृत व्यक्ति के स्वस्थ कार्निया से दो नेत्रहीन लोगों को रोशनी मिल सकती है ' ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रो. डॉ. तुलिका चन्द्रा ने चिंता जताई कि उत्तर प्रदेश में रक्तदाताओं का प्रतिशत अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक यूनिट ब्लड 4 जिंदगियां बचा सकता है और खून का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है।

हैदराबाद स्थित मोहन फाउंडेशन की कंट्री हेड ललिता रघुराम ने कहा कि परिजनों की सहमति से लाखों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। लखीमपुर खीरी मेडिकल कॉलेज में हुआ यह सम्मेलन अंगदान की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा। वहीं, प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग के डॉ. कौशल किशोर अग्रवाल ने नकली दांत और डेंटल इम्प्लांट के माध्यम से जीवन आसान बनाने की तकनीक साझा की।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य डॉ. राजेश झिंगरन, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. अपर्णा दीक्षित, डॉ. जॉन जेब रिजवी, डॉ. विकास तिवारी, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. इन्द्रेश रजावत, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. अखिलेश वर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. कमलेन्द्र वर्मा, डॉ. विकास कुमार, डॉ. जगभान सिंह, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. सोमेश वाजपेयी, डॉ. मृदुलेश कुमार यादव, डॉ. नीति सोलंकी और डॉ. शिखा पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# फैजुल्लागंज के महावीर लॉन में विधायक डा नीरज बोरा ने किया वरिष्ठ कार्यकर्ता परिवार का अभिनंदन, उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

**फैजुल्लागंज।** महावीर लॉन में आयोजित 'वरिष्ठ कार्यकर्ता परिवार सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें वरिष्ठ कार्यकताओं के परिवारजन एवं समाजसेवियों का सम्मान किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक डा नीरज बोरा ने समाज के आधार स्तंभ रहे वरिष्ठ नागरिकों को पटका और हनुमान चालीसा की पावन पुस्तक स्मृति चिह्न के रूप में भेंट कर उनका भव्य सम्मान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जी ने कहा, "वरिष्ठ कार्यकर्ता और उनका परिवार हमारे मार्गदर्शक और संगठन की नींव हैं। आज हम जिस मुकाम पर हैं, वह इन वरिष्ठों के वर्षों के त्याग, तपस्या और कठिन परिश्रम का परिणाम है। इनका अनुभव हमारी सबसे बड़ी पूँजी है और इनके मार्गदर्शन में ही हम क्षेत्र के विकास की नई ऊँचाइयों को छुएंगे।

कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयोजन स्थल पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय और समर्थकों ने पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों के साथ विधायक जी और वरिष्ठ कार्यकताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कोने-कोने से आए लोगों ने अपने नेताओं के प्रति अटूट विश्वास और उत्साह प्रकट किया।

सम्मानित होने वाले वरिष्ठ कार्यकताओं एवं उनके परिवारजनों ने विधायक जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन में कार्यकताओं का मान-सम्मान और उससे भी बढ़कर पूरे परिवार का मान बढ़ाना यही सच्चे नेता पहचान है और भाजपा की यही सबसे बड़ी उपलब्धि है कि यहां हर कार्यकर्ता को देवतुल्य सिर्फ समझा ही नहीं जाता बल्कि पूजा जाता है। विशेष घोषणा के क्रम में विधायक जी ने कहा कि इंटरमीडिएट तक बच्चियों की पढ़ाई की व्यवस्था शीघ्र करने का काम करने जा रहे हैं, इसके अलावा बिजली,पानी,सड़क और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर फैजुल्लागंज में अभूतपूर्व विकास हुआ है। वार्ड के नवीन नामकरण के लिए जनता के बीच में से जब आवाज आई तो विधायक जी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्दी ही ये कार्य भी कराए जाएंगे। विधायक ने कहा जो फैजुल्लागंज लगभग कच्चा होता था आज लगभग पक्का हो गया है यही यहां के विकास की गाथा है।

कार्यक्रम के अंत में विधायक जी ने सभी उपस्थित जनों का आभार प्रकट किया और सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पुराना दाऊद नगर, फैजुल्लागंज में आयोजित हुआ बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**

स्वास्थ्य सेवाओं को सरल एवं सुगम तरीके से जन-जन तक पहुँचाने के अभियान मे जुटे बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में पुराना दाऊद नगर, फैजुल्लागंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गयी। साथ ही साथ निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए 52 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। स्थानीय निवासियों ने इस विशाल चिकित्सा शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के इस शिविर में 134 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सा लाभ प्राप्त लाभार्थियों में अरविंद यादव 60 वर्ष को बीपी/शुगर की दवा, कैलाश मिश्रा 65 वर्ष को बीपी शुगर, घनश्याम 25 वर्ष को सर्दी खांसी जुखाम, रामू 65 वर्ष को बीपी एवं शुगर का उपचार प्रदान किया गया। साथ ही साथ राम देवी,रेणु दीक्षित,शैल देवी, रेनू पांडे, कांति, गीता सहित कई अन्य लाभार्थियों को भी मुफ्त जांच के साथ दवा दी गई। सही एवं सटीक सहायता मिलने पर सभी ने सेवा अस्पताल से पधारे डॉक्टरों की टीम एवं बोरा फाउंडेशन का धन्यवाद किया।

## दुकान लगाने के विवाद में दबंग ने सब्जी विक्रेता महिला को पीटा, केस दर्ज

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**

आलमबाग, कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में दो दिन पूर्व एक दबंग ने दुकान लगाने के विवाद में एक सब्जी विक्रेता महिला की जमकर पिटाई करने के साथ उसके कपड़े फाड धमकी दे फरार हो गया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सम्भर खेडा निवासी सुमन चौहान पत्नी राजू चौहान के अनुसार वह सब्जी की छोटी दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। बीते 25 अप्रैल की रात करीब 9 बजे गोविन्द पुत्र मेवालाल उसकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब वहां मौजूद ग्राहकों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी उनसे उलझ मारपीट करने लगा, जिसमें पीड़िता को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि जब वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागी तो आरोपी उसका पीछा करते हुए रास्ते में पकड़ उसे सड़क पर गिराकर उसकी पिटाई करने के साथ उसका कुर्ता फाड़ दिया और मोहल्ले के लोगों के सामने अभद्रता करते हुए दुकान न लगाने देने की धमकी दे फरार हो गया और फिर उसी रात करीब 2 बजे आरोपी गोविन्द उसके घर पहुंचा और बांस के डंडे से दरवाजा तोड़ जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। जिसके चलते उसने पुलिस कन्ट्रोल नम्बर पर शिकायत करने के साथ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में आरोपित गोविन्द सहित उसकी बहन बेला सुमन के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद रविवार को केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी के पांच वाहन बरामद

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**

**आलमबाग।** कृष्णा नगर पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित आशाराम बापू मार्ग से दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी.के. सिंह ने बताया गिरफ्त में आये वाहन चोरों ने अपना परिचय मूल रूप से देवीगंज रामादेवी, थाना चकेरी कानपुर व किराये का मकान आसरा कालोनी हंसखेड़ा थाना पारा निवासी शैलेन्द्र पुत्र स्व. भगवानदास उर्फ भगवानदीन और दूसरे ने परिचय कन्हैया माधवपुर-द्वितीय, बेगरिया, थाना दुबग्गा लखनऊ निवासी नितेश कुमार शाह पुत्र प्रेमनाथ शाह के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकडे गए वाहन चोर नितेश की निशानदेही पर उसके किराए के कमरे के पास खड़े चोरी के कुल पांच वाहन दो ई-रिक्शा सहित तीन बाइक बरामद किया है। मुख्य आरोपी शैलेन्द्र के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में चोरी के कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। जो स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली से दो बार जेल जा चुका है। पूछताछ में शातिरों ने स्थानीय कृष्णानगर सहित मोहन रोड, हरदोई रोड और लालाबाग पुल क्षेत्र से अलग-अलग समय पर दो ई-रिक्शा सहित तीन बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

# डिप्रेशन में अधेड़ ने खुद को मारी गोली, मौत

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

- पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ की छानबीन, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- पूर्व डिप्टी एसपी के साले थे आजम

कर्ज के बोझ, घरेलू कलह, कारोबार में घाटा या फिर कोई और वजह को लेकर जान देने का सिलसिला थम नहीं रहा है। चिनहट थाना क्षेत्र के मटियारी गांव के पास बसी हिम सिटी कॉलोनी में रहने वाले 54 वर्षीय जफर आजम ने रविवार शाम खुद को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली।

खून से लथपथ वह कमरे में पड़े मिले। उनकी दशा देख घरवाले पुलिस के सहयोग से आनन-फानन में डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मौके से लाइसेंसी पिस्टल मिली है। वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके से से कई साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मूल रूप से आजमगढ़ जिले कोट मोहल्ले के रहने वाले 54 वर्षीय जफर आजम मटियारी गांव के पास हिम सिटी में मकान नंबर 633/पी/102 पत्नी, बेटी व बेटे मेहर आजम के साथ रहते थे। बताया जा रहा है कि रोज की तरह रविवार को जफर आजम और परिवार के अन्य सदस्य घर में थे कि इसी दौरान कमरे से गोली चलने की आवाज सुनकर घरवाले भागकर कमरे की ओर गए तो देखा जफर आजम खून से लथपथ होकर तड़प रहे थे और पास में ही लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र सहित कई पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक जांच पड़ताल में सामने आया है कि जफर आजम काफी दिनों से किसी बात को लेकर डिप्रेशन में चल रहे थे और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास में रहने वाले लोगों ने बताया कि जफर आजम घर के संपन्न थे और किसी चीज की कमी नहीं थी, लेकिन उन्होंने ने यह कदम क्यों उठाया। हालांकि आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों ने यह भी बताया कि वह कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे और वह गुमशुम रहा करते थे।

बताया जा रहा है पहली पत्नी से एक बेटा महर आजम और दूसरी पत्नी से एक बेटी है। इतना संपन्न होने के बाद भी जफर आजम ने यह कदम क्यों उठाया यह बातें फिलहाल हर किसी को बेचैन कर रही है। वहीं उनके एक करीबी मित्र ने बताया कि जफर आजम बहुत नेकदिल इंसान थे और हमेशा गरीब गुरबा की मदद करते थे। बताया जा रहा है कि जफर आजम हिम सिटी कॉलोनी में करीब पांच-छह साल से मकान बनवाकर रह रहे थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सड़क किनारे खड़े युवक पर हमलाकर तोड़ी बाइक

**लखनऊ।** बिजनौर इलाके में एक व्यक्ति ने युवक सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के आश्रय कॉलोनी, एल्डिको उद्यान- 2 निवासी मोहम्मद कैफ के मुताबिक 23 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे शहीदनगर गेट के सामने कुछ अज्ञात युवकों ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करने के साथ उसकी मोटरसाइकिल को गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे उसका काफी नुकसान हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे। जिसके बाद आरोपी गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि उसने एक आरोपी की पहचान साउथ सिटी में रहने वाले रवि गुप्ता के रूप में की है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

# खदरा चुंगी बस से उतरते वक्त बुजुर्ग का पैर फिसला, हुई मौत

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**



मदेयगंज थाना क्षेत्र में रविवार को खदरा चुंगी के पास बस से उतरते वक्त बुजुर्ग का पैर फिसल गया। जहां फिसलकर वह बस के नीचे गिर गए। इसी दौरान बस का पहिया उनके ऊपर से जा गुजरा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान खदरा के रहने वाले अवधेश मिश्रा (72) बर्षीय के रूप में हुई। जहां मृतक दिल्ली से लखनऊ बस से वापस आए थे। वहीं खदरा चुंगी के पास बस से उतरते वक्त उनका पैर फिसल गया। जिससे वहा फिसलकर बस के नीचे गिर गए। इसी दौरान बस का पहिया उन्हें कुचलता हुआ उनके ऊपर से जा गुजरा। जिसके बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद बस चलाक से फरार हो गया। इसके अलावा लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है। वहीं मृतक अवधेश मिश्रा के परिवार में पत्नी बिट्टन देवी और तीन बेटे शरद, पवन और नवल किशोर मिश्र है। जहां घटना के बास से घर वालो का रो-रो के बुरा हाल हो चुका है। इसके अलावा पुलिस बस चालक की तलाश कर रही है।

# जमीन विवाद में युवक पर जानलेवा हमला, घायल व दांत टूटा

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाग स्थित राम टोला खरिका में शुक्रवार देर रात जमीन विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित नीरज रावत (पुत्र स्वर्गीय कालीदीन रावत) के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:30 बजे वह अपने घर के पास मौजूद था, तभी विपक्षी मनीष और उसकी मां सुनीता ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने ईंट, पत्थर और लोहे की रॉड से वार किए, जिससे नीरज की बाईं आंख में गंभीर चोट आई और एक दांत भी टूट गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित का कहना है कि इलाज के दौरान आर्थिक परेशानी भी सामने आ रही है और अस्पताल में पैसों की मांग की जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित बाइक-एक की मौत, दूसरा गंभीर

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

बड़ी बहन की विदाई छोड़ परीक्षा देने रायबरेली जा रहा था इकलौता भाई,निगोहां इलाके मेंडिवाइडर से टकरायी तेज रफ्तार बाइक,हुयी मौत,शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

निगोहां।घर में शहनाइयां गूंज रही थीं, हर चेहरे पर खुशी थी, बड़ी बहन के हाथ पीले हो चुके थे और अब बस विदाई की घड़ी बाकी थी। लेकिन किसी को क्या पता था कि अगले ही पल यह खुशी चीख-पुकार में बदल जाएगी। बहन की विदाई में शामिल होने के बजाय रविवार की सुबह बाराबंकी के गौरा करौंदी गांव से होमगार्ड भर्ती की परीक्षा देने रायबरेली जा रहा इकलौता भाई अनुभव सिंह(24वर्ष) निगोहां इलाके में सड़क हादसे का शिकार हो गया। उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर हाइवे पर बने डिवाइडर से जा टकराई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में साथ बैठा चचेरा भाई कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिस घर में कुछ देर पहले तक गीत-संगीत और हंसी की गूंज थी,इकलौते भाई अभिनव की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची मातम पसर गया।बड़ी बहन आकांक्षा बदहवास होकर गिर पड़ी। मां शीला की चीखें और पिता राजेश कुमार का मौन दर्द हर किसी को झकझोर गया। सूचना पाकर मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचे परिजनो ने पुलिस से मृतक बेटे अभिनव के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने से मना कर दिया जिसके



बाद पुलिस ने पंचनामे की कार्यवाही पूरी कर शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया। बाराबंकी जनपद के फतेहपुर थाना क्षेत्र के गौरा कंरौदी गांव निवासी राजेश सिंह का इकलौता बेटा अभिनव सिंह (24वर्ष) रविवार को होमगार्ड भर्ती की परीक्षा देने अपने चचेरे भाई कुलदीप के साथ रायबरेली जा रहा था जैसे ही बाइक से दोनो निगोहां इलाके के भगवानपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी ओर अभिनव की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी और चचेरा भाई कुलदीप घायल हो गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया परिजनो ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने से मना कर दिया जिसके बाद पंचनामा भरकर शव को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### डोली उठने से पहले पहुंची भाई की अर्थी

सबसे दर्दनाक पल तब आया जब बड़ी बहन आकांक्षा की विदाई से पहले ही इकलौते भाई अभिनव का शव घर पहुंचा। जिस भाई को बहन की डोली को कंधा देना था, उसी को आज कंधों पर लादकर घर लाया गया। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। बहने आकांक्षा व प्रिया अपने भाई के शव से लिपटकर बार-बार एक ही सवाल करती रहीअब मेरी डोली कौन उठाएगा?

### टूट गया परिवार का सहारा

अभिनव परिवार का इकलौता बेटा होने के कारण वह सिर्फ एक भाई ही नहीं, बल्कि पूरे घर की उम्मीद था। मां-बाप के बुढ़ापे का सहारा, बहन की खुशियों का रखवाला-सब कुछ एक ही पल में छिन गया। पिता राजेश कुमार गम में इतना डूबे थे कि उनके आंसू भी जैसे सूख गए थे, जबकि मां शीला का रो-रोकर बुरा हाल था।

### हेलमेट लगाये होता तो शायद बच जाती जान

दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर यह कड़वी सच्चाई सामने ला दी है कि सड़क पर की गई छोटी सी लापरवाही कितनी बड़ी कीमत वसूल लेती है। एक परिवार की खुशियां, एक बहन का सहारा, मां-बाप की उम्मीद-सब कुछ कुछ ही पलों में खत्म हो गया। अगर बाइक चला रहे अभिनव के सिर पर हादसे के वक्त हेलमेट होता, तो शायद यह हादसा इतनी बड़ी त्रासदी में न बदलता और उसकी जान बच जाती।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन कब्जाने वाला शातिर गिरफ्तार

## कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद कराई वरासत

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

मोहनलालगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। यह मामला निगोहां क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव स्थित गाटा संख्या-65 की जमीन से जुड़ा है। जहां न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद फर्जीवाड़ा कर जमीन अपने नाम दर्ज करा ली गई थी।

पुलिस के अनुसार जनपद उन्नाव निवासी शिवकुमार द्वारा मोहनलालगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि कुछ लोगों ने मिलकर फर्जी पारिवारिक रजिस्टर तैयार किया और जमीन पर कब्जा कर लिया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि विवाद पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन था और कोर्ट द्वारा स्पष्ट रूप से स्थगन आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने तथ्यों को छुपाकर न्यायिक तहसीलदार से एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर लिया और जमीन की वरासत अपने नाम दर्ज करा ली। विवेचना के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने दस्तावेजों में हेरफेर कर पारिवारिक रजिस्टर में गलत नाम दर्ज कराए और उसी आधार पर जमीन की वरासत दर्ज कराई गई। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा उक्त जमीन का एग्रीमेंट कर आर्थिक लाभ लेने का प्रयास भी किया गया।रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 26 वर्षीय दशरथ रावत निवासी नेवलखेड़ा मोहनलालगंज को ज्योतिनगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। किसी भी कीमत पर इस तरह के फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई पर संतोष जताया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक घायल, चालक फरार

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

गुडम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्सी रोड पर बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित को इलाज के लिए इंटीग्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीतापुर जनपद के भवनिपुर निवासी प्रेम कुमार ने गुडम्बा थाने में तहरीर देकर बताया कि 22 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच उनका भाई प्रदीप कुमार बाइक से काम पर जा रहा था। जब वह पैगरा मऊ, कुर्सी रोड के पास पहुंचा, तभी कोयला व राख गिराकर आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने गलत दिशा में अचानक कट मारते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भागने लगा। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर को पकड़ लिया। लेकिन चालक फरार होने में सफल रहा। घायल प्रदीप को आसपास के लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर है और बचने की संभावना कम बताई जा रही है। पीड़ित के भाई ने ट्रैक्टर चालक, ठेकेदार और वाहन स्वामी के खिलाफ उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गुडम्बा थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक की तलाश जारी है।

# शादी के दो महीने बाद दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**एजेंसी न्यूज । लखनऊ**

पारा थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। विवाह के महज दो महीने बाद ही एक विवाहिता को कथित रूप से मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पारा क्षेत्र निवासी स्नेहा कनौजिया (20) का विवाह पांच फरवरी 2026 को कानपुर नगर के रावतपुर गांव निवासी रवि कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के समय पीड़िता के परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार एसी, फ्रिज, टीवी, सोने के आभूषण और मोटरसाइकिल सहित पर्याप्त दहेज दिया था। पीड़िता के अनुसार, विवाह के कुछ ही दिनों बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर ताने देने लगे। पति रवि, सास संजू, चाचा लालू, चाची अनीता समेत अन्य परिजनों पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि उसे कई बार कमरे में बंद कर दिया जाता था और खाना तक नहीं दिया जाता था। साथ ही उसके रंग-रूप को लेकर भी अपमानजनक टिप्पणियां की जाती थीं।

### पांच लाख और बुलेट की मांग

आरोप है कि ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख नकद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर छह अप्रैल 2026 को विवाहिता के साथ मारपीट की गई और उसके गहने व कपड़े छीनकर उसे घर से निकाल दिया गया। साथ ही आरोपियों ने धमकी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो उसकी हत्या कर पति की दूसरी शादी करा दी जाएगी। पीड़िता की मां जब ससुराल पक्ष से बात करने पहुंचीं तो उनके साथ भी कथित रूप से अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़िता ने पारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

**एक नजर**

### पंचायत चुनाव की देरी पर ग्राम प्रधानों ने खोला मोर्चा

**पीलीभीत/ पूरनपुर।** जिले के ग्राम प्रधानों ने सोमवार को पंचायत चुनाव में लगातार हो रही देरी को लेकर प्रशासन पर दबाव डालने का बड़ा कदम उठाया। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें चुनाव जल्द कराने और गांवों में विकास कार्यों में बाधा न आने देने की मांग की गई। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने कहा कि चुनाव में देरी से ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं की गति ठप हो रही है, जिससे आम जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति प्रभावित हो रही है। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि चुनाव प्रक्रिया में तेजी नहीं लाई गई, तो वे सशक्त आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रधानों ने कहा कि पंचायत चुनाव सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि ग्राम समाज की आवाज़ और लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि चुनाव प्रक्रिया में जल्दता लाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और विकास कार्य सुचारु रूप से चल सकें।

# तलाक़ विवाद में घायल हुआ पति और पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** घरेलू कलह का एक भयावह मामला सामने आया है, जहां वैवाहिक विवाद और तलाक की कड़वाहट ने हिंसक रूप ले लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खैरुल शाह में एक पत्नी ने अपने ही पति पर कैमिकल फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घायल को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला खैरुल शाह निवासी हेमंत का अपनी पत्नी के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच मतभेद इतना बढ़ गया था कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। रविवार रात करीब आठ बजे जब हेमंत घर पहुंचा, तो किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच फिर से कहासुनी हो गई।गुस्से में किया हमला आरोप है कि विवाद के दौरान पत्नी ने आपा खो दिया और घर में रखा कैमिकल हेमंत के ऊपर फेंक दिया। इस अचानक हमले में हेमंत गंभीर रूप से झुलस गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों और पड़ोसियों ने उसे तुरंत जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, वह करीब 25 प्रतिशत से अधिक झुलस चुका है और उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शहर कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी पत्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**अधिकारी का बयान**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते पति पर एसिड फेंकने का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खुटार टोल प्लाजा पर किसान यूनियन भानू गुट का पावर प्ले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** टोल प्लाजा पर कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ कथित बदसलूकी और गाली-गलौज के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) ने जोरदार प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा और जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए टोल को कई घंटों तक 'फ्री' करा दिया। किसानों के कड़े रुख और हंगामे को देखते हुए टोल प्लाजा मैनेजर को अंततः झुकना पड़ा। मैनेजर ने हाथ जोड़कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसानों के साथ दोबारा दुर्व्यवहार हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मामले में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है।



गोवंश संरक्षण के लिए ज्ञापन देते लोग। –जागरण मोर्चा

# गो-विज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल करने व गोसंरक्षण नीति की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौवंश संरक्षण, संवर्धन और सम्मान को लेकर विभिन्न मांगें उठाई गई हैं। अभियान से जुड़े लोगों ने सरकार से स्कूली पाठ्यक्रम में 'गो-विज्ञान' को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने की मांग की है, ताकि नई पीढ़ी गौवंश के धार्मिक, वैज्ञानिक, औषधीय और आर्थिक महत्व को समझ सके। इसके साथ ही एक सख्त 'चारा सुरक्षा कानून' लागू करने की भी मांग की गई है, जिससे चारे के अवैध भंडारण और मूल्य वृद्धि पर रोक लगाई जा सके। ज्ञापन में गोचर, चारागाह और वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर 'गोचर विकास बोर्ड' के अधीन सुरक्षित करने पर भी जोर दिया गया है, ताकि गौवंश के लिए वर्षभर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# नम आंखों से हाजियों को दी गई विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोमवार को नगर से हज यात्रा के लिए तीन लोगों का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था 28 अप्रैल को लखनऊ से मदीना-मक्का के लिए उड़ान भरेगा। हाजियों को विदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और फूल-मालाएं पहनाकर नम आंखों से उन्हें रवाना किया।

नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी कुरैशियन मस्जिद के सदर नसीर कुरैशी, उनकी बहन रिहाना बेगम और जाकिर हुसैन सिद्दीकी हज यात्रा पर जा रहे हैं। इस मौके पर लोगों ने हाजियों से अपने लिए दुआ करने की गुजारिश भी की। इस्लाम धर्म में हज को पांच फर्जों में शामिल किया गया है।


हज को रवाना होते आज़मीन-ए-हज। –जागरण मोर्चा

शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम हर मुसलमान के लिए जीवन में एक बार हज करना जरूरी माना गया है। मान्यता के अनुसार, पैगंबर इब्राहिम को अल्लाह ने काबा का निर्माण करने का आदेश दिया था, जो आज इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। हाजियों को विदा करने के दौरान शिक्षक हाजी इसहाक अहमद, अधिवक्ता अतीक अहमद, आबिद हुसैन, गुड्डू, मौसीन, वसीम अहमद, नफीस अहमद, अली हुसैन, कारीशान साहब, मुफ्ती नूर मोहम्मद हसनी, हाफिज अब्दुल हसीब, जमाल रजा, फैजान रजा, राजिद अली, मुन्ने शाह, फईम रजा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में भीषण आग से हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** रविवार की देर शाम नगर के सिरसा चौराहा पर स्थित एक ट्रांसफार्मर में आग लगने से क्षेत्र के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद विद्युत विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने के प्रयास किए। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारण ट्रांसफार्मर से जुड़े फीडर ट्रिप हो गए, जिससे आसपास के इलाके में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई।जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद क्षेत्र में संक्षिप्त समय के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन विभाग के त्वरित हस्तक्षेप से बड़ी दुर्घटना टल गई।

# केंद्रीय मंत्री ने किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोमवार को नए विकसित संजय गांधी पार्क का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पार्क का निर्माण स्थानीय जनता के लिए एक हरित एवं मनोरंजन का केंद्र होगा और यह क्षेत्र के युवाओं और बच्चों के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिलेगा। लोकल प्रशासन और नगर पंचायत अधिकारियों ने बताया कि पार्क में बच्चों के खेल के लिए उपकरण, पैदल पथ, पौधरोपण और बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने पार्क के विकास की प्रशंसा की और इसे सार्वजनिक उपयोग के लिए उपयोगी पहल बताया। इस दौरान भाजपा विधायक वावूराम पासबान, जिलाध्यक्ष गौकुल प्रसाद मौर्य, विधान परिषद के सदस्य सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह, नितिन दीक्षित, हर्ष प्रधान, संदीप खंडेलवाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इससे पहले पूरनपुर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद प्रदीप कुमार खंडेलवाल की स्मृति में आयोजित निशुल्क जल सेवा का उद्घाटन किया।


नए विकसित संजय गांधी पार्क का लोकार्पण करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद।

## दिव्यांगों के लिए जिले भर में लगेंगे कैंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पीलीभीत में पात्र दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण देने के लिए विशेष चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित यह अभियान 28 अप्रैल को अमरिया से शुरू होकर 19 मई तक विभिन्न ब्लॉकों और नगर पंचायतों में चलेगा।

इन शिविरों में बैसाखी, ट्राइसाइकिल और श्रवण यंत्र जैसे उपकरणों के लिए पंजीकरण होगा। प्रशासन ने पात्र लोगों से सुबह 10 बजे निर्धारित केंद्रों पर पहुँचकर लाभ उठाने की अपील की है।

## स्वर्णकार समाज का वैवाहिक संगम संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज, पूरनपुर के तत्वावधान में सोमवार को मधुवन होटल में वैवाहिक परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली, हरदोई, लखीमपुर, बाराबंकी, सीतापुर, पीलीभीत, बरेली सहित अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में समाज के सजातीय बंधुओं ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान आगंतुकों का पारंपरिक तरीके से पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वैवाहिक योग्य युवक-युवतियों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश में सहयोग प्रदान करना तथा समाज के बीच आपसी परिचय और संवाद को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे और परिचय सत्र के माध्यम से एक-दूसरे से परिचित हुए। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी के लिए सकारात्मक मंच उपलब्ध कराते हैं।

# परशुराम चौक पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने अर्पित की पुष्पांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने सोमवार को घुंघचिहाई चौराहे पर स्थित भगवान श्री परशुराम चौक पहुंचकर भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कुछ समय तक वहां रुककर प्रतिमा का अवलोकन किया और उसकी भव्यता, आकर्षक स्वरूप तथा सुंदरता की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि भगवान परशुराम त्याग, पराक्रम और धर्म के प्रतीक हैं। ऐसे स्थलों का संरक्षण और विकास हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्ष हरगोविंद वाजपेई, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, नगर अध्यक्ष गौरव पांडेय, रजनीश पांडेय, गोपाल मिश्रा, अनुपम पांडेय, अश्वनी शुक्ला, मनमोहन शुक्ला, मानस शुक्ला, राजू भार्गव, विनय शुक्ला, विवेक तिवारी, अचल मिश्रा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।


पूरनपुर में परशुराम चौक पर मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

# गो सेवा अभियान के तहत सौंपा गया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोमवार को गो सेवा आवाहन अभियान के तहत पूरे हिंदुस्तान में गौ सेवकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। जिसमें नगर वासियों के हजारों दस्तखत के साथ यह मांग की गई कि गौ माता को राष्ट्रमाता बनाया जाए और साथ ही गो सेवा पर गो रक्षा पर कड़े कानून भी बनाए जाएं।

पूरनपुर और कलीनगर गो सेवा अभियान आवाहन में मुख्य भूमिका निभाते हुए ज्ञापन देने में ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया पंडित राहुल अवस्थी पंडित धनंजय मिश्रा मोनू गुप्ता पंडित पीयूष भार्गव सचिन मिश्रा अभी राणा देवांश सरकार गोलू यादव अवनीश गुप्ता आशू यादव दीपक बाथम कुलदीप मिश्रा गोविंद राणा अवनीश गुप्ता पंकज रस्तोगी वीरेंद्र वर्मा गगन मिश्रा जसवंत कुमार राहुल हरपाल विजय सिंह सचिन गुप्ता रामसेवक वर्मा आदि गोसेवक भाई मौजूद रहे। सुबह 10:30 तिरंगा चौक से यात्रा शुरू करके नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता एवं गौ सेवक भाई तहसील पहुंचे एवं वहां बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और उसके बाद तहसीलदार ज्ञापन सौंपा। उसके बाद सभी माधो टांडा कलीनगर एवं आसपास के ग्रामों से गौ सेवक भाइयों ने कलीनगर तहसील पहुंचकर वहां के तहसीलदार एवं एसडीएम साहब को भी ज्ञापन सोपा और गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग की है।


गो सेवा आवाहन पर ज्ञापन देने के बाद तहसील में मौजूद गौ सेवक।

**राष्ट्र माता घोषित करने की उठाई मांग**

**कलीनगर।** गौ माता सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत आज गौर धाम परिवार के गौ प्रेमी जनों ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने और पूरा सम्मान सुरक्षा के लिए नगर की तहसील में जा कर बहुत ही सादगी के साथ देश के प्रधानमंत्री जी के नाम एक ज्ञापन दिया गया जिसमें गौर धाम परिवार के बहुत से सदस्य वहां उपस्थित रहे और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का निवेदन किया। कार्यक्रम में गौर धाम परिवार के अवधेश अग्रवाल, दीपू,शेखर वर्मा,शिवम अग्रवाल, मीनू गुप्ता, विनीता,आनंद गुप्ता,सचिन वर्मा,रामरक्षपाल वर्मा, पंकज अग्रवाल,रज्जन पाण्डेय,अंकुर वर्मा, आनंद कुमार, हरीश कुमार,निहारिका गुप्ता, शालिनी वर्मा आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### कार बुकिंग के बहाने ड्राइवर की हत्या, लूट का शक

**शाहजहांपुर।** आरसी मिशन थाना क्षेत्र के नई बस्ती दलेलगंज निवासी 30 वर्षीय कुलदीप राठौर की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव उनकी ही कार में चालक सीट पर पड़ा मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में लूटपाट के एंगल को भी पुलिस खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार कुलदीप रविवार रात करीब 9 :30 बजे पुवायां के गांव सदापुर में बुकिंग पर कार ले जाने की बात कहकर घर से निकले थे। सोमवार सुबह बड़ागांव-सदापुर रोड पर उनकी कार सड़क से करीब 15 मीटर दूर खेत में खड़ी मिली। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त था, जिससे किसी टक्कर या जबरन रोकने की आशंका भी जताई जा रही है। जब स्थानीय लोग कार के पास पहुंचे तो चालक सीट पर कुलदीप का शव पड़ा मिला। जांच में सामने आया कि हमलावर ने पीछे की सीट से गोली मारी, जो उनकी गर्दन के नीचे पीठ में लगी। कार की पिछली सीट के पास पायदान में एक तमंचा भी बरामद हुआ, जिसमें कारतूस का खोखा फंसा हुआ था। यह साफ संकेत दे रहा है कि वारदात बेहद नजदीक से और सुनियोजित तरीके से की गई। पुलिस के मुताबिक कुलदीप का मोबाइल फोन और पर्स मौके से गायब हैं, जबकि जेब में कुछ रुपये मिले हैं। इससे लूट के बाद हत्या की आशंका को बल मिल रहा है। हालांकि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण और सीओ प्रवीण मलिक ने घटनास्थल का मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

# एचपीसीएल डबल मर्डरः मुख्य आरोपी अजय पर लगा रासुका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले को दहला देने वाले एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड में प्रशासन ने आखिरकार बड़ा और सख्त कदम उठा दिया है। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह पर रासुका लगा दी गई है। जिलाधिकारी ने सोमवार को एसएसपी अंकिता शर्मा की रिपोर्ट के आधार पर इस कार्रवाई को मंजूरी दी, जिससे साफ हो गया कि अब आरोपी पर कानून का शिकंजा और कसने वाला है।

12 मार्च 2026 को मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बायोगैस प्लांट में अजय प्रताप सिंह ने घुसकर दो वरिष्ठ अधिकारियों सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे जिले में दहशत फैल गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि मुठभेड़ में उसके दोनों पैरों में गोली भी लगी थी।


मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह।

जांच में खुलासा हुआ कि यह हत्या अकेले नहीं बल्कि सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र का हिस्सा थी। मामले में मुनेंद्र विक्रम सिंह, धर्मेंद्र, अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू और केशव उर्फ मिचकू समेत चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी को जिला कारागार बदायूं भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिसमें अवैध कब्जे और हिंसक घटनाएं शामिल हैं। प्रशासन ने अजय प्रताप सिंह की गतिविधियों को लोक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा मानते हुए रासुका के तहत निरुद्ध करने का फैसला किया। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की आपराधिक गतिविधियां सामान्य कानून से नियंत्रित नहीं हो पा रही थीं। दोहरे हत्याकांड जैसी जघन्य वारदात, पुलिस पर हमला और लगातार आपराधिक घटनाएं इस कार्रवाई की मुख्य वजह बनीं।

### हत्याकांड के बाद लगातार कार्रवाई

घटना के बाद प्रशासनिक कार्रवाई का सिलसिला तेजी से चला। आरोपी और उसके परिजनों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चला, दुकानों और फार्म हाउस को सील किया गया, जबकि अवैध कब्जों और तहबाजारी के मामलों में भी मुकदमे दर्ज हुए। कई अधिकारियों पर भी गाज गिरी और मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि मुख्य आरोपी के खिलाफ रासुका की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही कोर्ट में पेश की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जघन्य हत्याकांड में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गर्मी से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने चेतावनी दी है कि हीट वेव शरीर की कार्यप्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है, जो इलाज में देरी होने पर जानलेवा भी हो सकती है।

बचाव के लिए विभाग ने अधिक पानी पीने, ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी और छाछ जैसे तरल पदार्थों के सेवन पर जोर दिया है। इसके साथ ही तरबूज, खरबूजा और खीरा जैसे मौसमी फल खाने की सलाह दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।


विकासखंड सभागार में स्मार्टफोन के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन किये वितरित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से शनिवार को विकासखंड सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि सरकार आंगनबाड़ी व्यवस्था को तकनीक से जोड़कर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है।

विधायक ने कहा कि स्मार्टफोन मिलने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और कुपोषित बच्चों से संबंधित सूचनाओं को ऑनलाइन दर्ज करने में सुविधा मिलेगी। इससे योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचाने में मदद मिलेगी और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होंने कार्यकत्रियों से सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुधा शाक्य ने बताया कि विभाग द्वारा कार्यकत्रियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है। स्मार्टफोन के माध्यम से पोषण ट्रैकर समेत अन्य विभागीय एप्लीकेशन पर लाभार्थियों का डाटा अपडेट किया जाएगा। इससे योजनाओं की निगरानी पहले से अधिक प्रभावी हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन के उपयोग और विभागीय कार्यों में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी भी दी। कार्यकत्रियों ने स्मार्टफोन मिलने पर खुशी जताई और कहा कि इससे उनके दैनिक कार्यों में आसानी होगी। इस मौके पर एडीओ आईएसबी, एडीओ पंचायत, ब्लॉक समन्वयक मोहित सक्सेना, सुपरवाइजर विमला देवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर ऋषि ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# बिलसंडा में धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर की श्री श्याम खाटू मित्र मंडल कमेटी के तत्वाधान में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सोमवार को नगर में धूमधाम के साथ खाटू श्याम निशान शोभायात्रा निकाली। नगर के रामलीला ग्राउंड पर होने वाले पांचवें श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव में खाटू श्याम की आराधना में निशान यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की तादात में पुरुष और महिलाएं बच्चे सुबह दस बजे श्रीनिवास कुंज आश्रम पर एकत्रित हुए। कमल पार्क तिराहे पर सुमित गुप्ता, चेयरमैन डीके गुप्ता, अमन गुप्ता, अविरल, अजय जायसवाल, रजत सागर द्वारा निशान शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। नगर में जगह जगह भाव विभोर होकर लोगों ने पद यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी लालायित हो रहे थे। निशान शोभा यात्रा में आयोजक कुणाल गुप्ता, रजत श्याम गुप्ता, शिवांशु राठौर, आदित्य गुप्ता, ओम अग्रवाल, अनूप गुप्ता, तुषार जायसवाल, रजत राठौर, हिमांशु गुप्ता, मनोज जायसवाल, विनय मिश्रा, सीपू गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बिलसंडा में निकाली गई निशान यात्रा में शामिल भक्त गण। -जागरण मोर्चा

## कार्यालय ग्राम पंचायत तुमरियाघाट, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुमरियाघाट, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है। जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सफ्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तुमरियाघाट
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत तुमरियाघाट
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत जियानगला, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जियानगला, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है। जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सफ्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जियानगला
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत जियानगला
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत अमरपुर, विकास खंड रजपुरा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-27.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमरपुर, वि. ख रजपुरा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है। जो कि प्रकाशन की तिथि से 3 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सफ्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अमरपुर
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत अमरपुर
विकास खं0 रजपुरा, जिला सम्भल



इन चीजों से करते हैं परहेज

# 41 की उम्र में युवा खिलाड़ियों को मात देते क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**लिस्बन।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो 41 की उम्र में अपनी फुर्ती से कई युवा खिलाड़ियों को मात दे देते हैं। वह अपने खेल का स्तर शीर्ष पर बनाए रखे हैं। इस फिटनेस का राज उनकी अनुशासित दिनचर्या और सख्त डायट में छुपा है।

### दूध को डायट से रखते हैं दूर

रोनाल्डो अपनी डायट से दूध को पूरी तरह बाहर रखते हैं। वह प्रोटीन, सब्जियों और हैल्दी फैट्स पर जोर देते हैं। वहीं, चीनी और आटे से बनीं चीजों से परहेज करते हैं। उनके पूर्व निजी शेफ जियोर्जियो बारोने के अनुसार, रोनाल्डो के डाइट से दूध को न सिर्फ परफॉर्मेंस के कारण बल्कि मान्याताओं के चलते पूरी तरह हटा दिया गया है। वह कहते हैं, इंसान ही है जो दूसरे जानवरों का दूध पीता है। कोई भी अन्य जानवर तीन महीने के बाद दूध नहीं पीता। यह प्रकृति में कहीं नहीं पाया जाता। लेकिन इंसान 30, 40, 50 और 60 साल की उम्र तक दूध पीते रहते हैं और मेरे विचार में यह गलत है। रोनाल्डो थोड़ा-थोड़ा सब कुछ खाते हैं, लेकिन जोर हमेशा हेल्दी चीजों पर रहता है।

### जीवनशैली : नींद और बर्फीले पानी से नहाने को प्राथमिकता

दूध को प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन्स से भरपूर सुपर ड्रिंक माना जाता है, फिर भी रोनाल्डो ने इसे पूरी तरह अपने जीवनशैली से बाहर रखा है। इससे उनके शरीर में फैट का स्तर 10 प्रतिशत से नीचे बना रहता है और वह फिट रहते हैं। उनका रूटीन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं, वह रिकवरी के तरीकों जैसे नींद और बर्फ के पानी से नहाने को भी प्राथमिकता देते हैं।

### ये है रोनाल्डो की डायट

| | |
|---|---|
| नाश्ते में - | एवाकाडो, कॉफी, अंडे, हैम और फल |
| लंच में- | चिकन, मछली, ऑलिव्स, सलाद |
| डिनर में - | मछली या मीट और हरी सब्जियां |
| (आटे से बनी चीजें, पास्ता, ब्रेड उनकी डायट का हिस्सा नहीं) | |

# जब प्रीति जिंटा से गले लगकर गदगद हुए चहल, सोशल मीडिया पर मची हलचल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 35वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। अरुण जेट्ली स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब ने दिल्ली को छह विकेट से हराकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। पंजाब किंग्स की शानदार जीत के जश्न में टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा भी शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर उनकी तमाम तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

### पंजाब की शानदार जीत

पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। दिल्ली ने केएल राहुल के नाबाद 152 रन की बदौलत 20 ओवर में दो विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। आईपीएल का यह सबसे सफल रन चेज है। ये रिकॉर्ड पहले भी पंजाब के ही नाम था जिन्होंने 2024 में केकेआर के खिलाफ दो विकेट पर 262 रन बनाए थे। अब पंजाब ने अपने इस रिकॉर्ड में सुधार किया है।

### अजेय अभियान जारी

पंजाब का आईपीएल 2026 में अजेय अभियान जारी है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों पर नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 76 रन बनाए, जबकि श्रेयस 36 गेंदों पर तीन चौकों और सात छक्कों के सहारे 71 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने दो विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल और विपराज निगम को एक-एक सफलता मिली।



### प्रीति जिंटा भी हुईं जीत के जश्न में शामिल



टीम की इस ऐतिहासिक जीत के बाद मैदान पर जश्न का माहौल देखने लायक था। खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा भी बेहद उत्साहित नजर आईं और उन्होंने मैदान पर आकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान एक खास पल तब देखने को मिला जब युजवेंद्र चहल ने प्रीति जिंटा को गले लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। यह भावुक और खुशनुमा पल कैमरों में कैद हो गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस इस तस्वीर को खूब पसंद कर रहे हैं और अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# वैभव सूर्यवंशी के मुरीद हुए कमिंस बोले- मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी...



**जयपुर, एजेंसी।** आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले 15 साल के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक डेब्यू नहीं किया है। लेकिन, आईपीएल और अंडर-19 और भारत ए के लिए खेलते हुए अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर पूरी दुनिया में अपने प्रशंसक बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभाल रहे पैट कमिंस सूर्यवंशी के नए फैन बॉय बन गए हैं।

### सनराइजर्स के खिलाफ वैभव ने जड़ा था शतक

आईपीएल 2026 में शनिवार को शाम का मुकाबला जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। राजस्थान के लिए पारी की शुरुआत करने आए वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों पर शतक लगा दिया। वैभव ने 37 गेंदों की अपनी पारी में 12 छक्के और पांच चौके लगाते हुए 103 रन की पारी खेली। इसी पारी की बदौलत राजस्थान 228 रन बना सकी। सनराइजर्स ने पांच विकेट पर 229 रन बनाकर नौ गेंद शेष रहते हुए मैच पांच विकेट से जीत लिया।सनराइजर्स ने बेशक मैच जीत लिया था, लेकिन वैभव ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम के कप्तान पैट कमिंस को अपना फैन बना लिया। कमिंस ने कहा, वैभव मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना काफी शानदार और मनोरंजक है। वह बहुत शानदार है। उनके करियर की शानदार शुरुआत हुई है और उन्हें बहुत आगे जाना है। उनमें अकेले दम पर मैच छीन लेने की क्षमता है।

### कमिंस ने खेला पहला मैच

पैट कमिंस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़े, सफल और सम्मानित कप्तान के रूप में जाने जाते हैं। उनकी प्रशंसा वैभव के लिए निश्चित रूप से उत्साहजनक है। कमिंस ने शनिवार को आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेला। उनकी टीम में मौजूदगी ने निश्चित तौर पर सनराइजर्स की गेंदबाजी को मजबूत किया है। राजस्थान के खिलाफ कमिंस ने चार ओवर में मात्र 27 रन देकर कप्तान रियान पराग का विकेट लिया था।

## केएल राहुल का रिकॉर्ड शतक बेकार

दिल्ली कैपिटल्स को केएल राहुल की नाबाद 152 रन की शानदार पारी के बावजूद आईपीएल के एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ सात गेंद शेष रहते छह विकेट से हार झेलनी पड़ी। कैपिटल्स ने 264 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, लेकिन खराब फील्डिंग का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।पंजाब किंग्स ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के 76 रन और कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद 71 रन से 265 रन बनाकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज़ करते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया।



## चोटिल एनगिडी के लिए एकजुट हुआ IPL परिवार, फ्रेंचाइजियों ने की 'स्पीडी रिकवरी' की दुआएं

**नई दिल्ली।** आईपीएल मुकाबले के दौरान चोटिल हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के जल्द स्वस्थ होने की कामना अब सिर्फ उनकी टीम ही नहीं, बल्कि पूरी लीग की फ्रेंचाइजियां कर रही हैं। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में हुई इस घटना ने क्रिकेट जगत को चिंता में डाल दिया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दुआओं का सिलसिला शुरू हो गया।



### कैसे हुआ हादसा?

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान तीसरे ओवर में यह हादसा हुआ। मिड-ऑफ से दौड़ते हुए कैच लेने की कोशिश में एनगिडी संतुलन खो बैठे और गिरते समय उनके सिर का पिछला हिस्सा जमीन से जोर से टकरा गया। चोट इतनी गंभीर थी कि तुरंत फिजियो को मैदान पर बुलाना पड़ा।
तुरंत मिला इलाज, एंबुलेंस से अस्पताल रवाना
मेडिकल टीम ने एहतियातन उनके गले में नेक ब्रेस लगाया और स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल भेजा गया। राहत की बात यह रही कि इलाज के दौरान वह होश में थे और डॉक्टरों से बातचीत भी कर रहे थे।
दिल्ली पुलिस ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर- स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने स्टेडियम से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। भारी ट्रैफिक के बावजूद एनगिडी को महज 11 मिनट में अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका।

## मुश्किल समय में अल्कारेज को मिला नडाल और सिनर का साथ, चोट के कारण फ्रेंच से हटने को हुए थे मजबूर

**नई दिल्ली।** कलाई की चोट की वजह से फ्रेंच ओपन 2026 से अपना नाम वापस लेने वाले स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को टेनिस जगत के दिग्गजों का समर्थन मिला है

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# शेयर बाजार में बढ़त; सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 के पार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** लगातार तीन कारोबारी सत्रों की भारी गिरावट के बाद, सोमवार को भारतीय शेयर बाजार ने जोरदार वापसी की है। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेतों और रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा जैसे दिग्गज शेयरों में भारी खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 प्रतिशत की शानदार तेजी दर्ज की गई। यह रिकवरी निवेशकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जो पिछले सप्ताह बाजार की भारी गिरावट से चिंतित थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक या 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 77,303.63 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबारी दिन के दौरान यह 755.83 अंक तक ऊपर जाकर 77,420.04 के उच्च स्तर को छू गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 194.75 अंक या 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,092.70 के स्तर पर बंद हुआ। यह तेजी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) को सेंसेक्स में 999.79 अंकों (1.29%) और निफ्टी में 275.10 अंकों (1.14%) की भारी गिरावट आई थी।

तेजी और मंदी वाले प्रमुख शेयर सोमवार के कारोबार में बाजार को विशेष तौर पर फार्मा और आईटी सेक्टर से बड़ा सपोर्ट मिलाः

सन फार्मा का ऐतिहासिक कदमः सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सन फार्मा के शेयरों में सबसे ज्यादा 7 प्रतिशत का उछाल देखा गया। यह तेजी कंपनी द्वारा अमेरिका स्थित 'ऑर्गेनॉन एंड कंपनी' के 11.75 अरब डॉलर के नकद अधिग्रहण के ऐलान के बाद आई है, जो किसी भारतीय कंपनी द्वारा किए गए सबसे बड़े विदेशी अधिग्रहणों में से एक है। अन्य टॉप गेनर्सः रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 2.88 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टीसीएस (ळउर) में भी अच्छी बढ़त दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 और शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय और अमेरिकी बाजारों का रुख भी कुल मिलाकर सकारात्मक रहा। मजबूत तिमाही नतीजों और घरेलू सेक्टर्स से बाजार में लौटी रौनक

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीद और चौथी तिमाहीके शानदार कॉर्पोरेट नतीजों ने शेयर बाजार में निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ाया है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें अभी भी 100 डॉलर प्रति बैरल के पार हैं और बाजार होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने की संभावनाओं पर नजर बनाए हुए है, लेकिन बैंकिंग, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स और मैन्युफैक्चरिंग जैसे घरेलू मांग वाले सेक्टर्स ने बाजार की रिकवरी में अहम भूमिका निभाई है। वहीं, कमजोर वित्तीय नतीजों के बावजूद आईटी सेक्टर अपने आकर्षक वैल्युएशन और लंबी अवधि के निवेश के नजरिए से निवेशकों को लगातार लुभा रहा है। आगे चलकर बाजार के लिए महंगाई एक बड़ा जोखिम बनी हुई है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो०- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।